इमाम क़ुरैशी होगा

हिंदी:
नबीरा -ए- आला हज़रत, शहज़ादा -ए- क़मरुल उलमा
मौलाना उमर रज़ा ख़ान
क़ादरी नूरी बरेलवी

SABIYA VIRTUAL PUBLICATION

AMO
ABDE MUSTAFA OFFICIAL

किताब या रिसाले का नाम

इमाम क़ुरैशी होगा

मुसन्निफ़/मुअल्लिफ़ :	इमामे अहले सुन्नत, आ़ला हज़रत
ज़ुबान :	हिन्दी
मौज़ू :	दिफा -ए- अहले सुन्नत
तर्जुमा :	मौलाना मुहम्मद उमर रज़ा ख़ाँ
डिज़ाइनिंग :	प्योर सुन्नी ग्राफिक्स
सना इशाअ़त :	अक्टूबर 2022
नाशिर :	साबिया वर्चुअल पब्लिकेशन
सफ़ह़ात :	100

अल्लाह के
नाम से शुरू
जो निहायत मेहरबान,
रहमत वाला है।

दवामुल ऐश मिनल अइम्मति मिन क़ुरैश (1339)

इमाम
क़ुरैशी होगा

तसनीफ़ लतीफ़ :
आला हज़रत इमाम अहमद रज़ा ख़ाँ क़ादरी
बरकाती बरेलवी अलैहिर रहमा

तर्जमा :
नबीरा ए आला हज़रत, शहज़ादा ए क़मरुल उलमा, मौलाना मुहम्मद उमर
रज़ा ख़ाँ क़ादरी नूरी बरेलवी

नाशिर
साबिया वर्चुअल पब्लिकेशन

फ़ेहरिस्त

किसी भी उन्वान पर क्लिक करें और मुतल्लिक़ा सफ़्हे पर जाएं।

بسم الله الرحمٰن الرحيم

मसअला :

क्या फ़रमाते हैं उलमा ए दीन इस मसअला में कि सल्तनत ए उस्मानिया की इआनत मुसलमानों पर लाज़िम है या नहीं, फ़रज़ियत ए इआनत के लिए भी सुल्तान का क़ुरशी होना शर्त है या नहीं या सिर्फ़ ख़िलाफ़त ए शरईया के लिए या किसी के लिए नहीं, मौलवी फ़िरंगी महली के ख़ुतबा ए सदारत में इसके मुतअल्लिक़ चंद सुतूर हैं और मिस्टर अबुल कलाम आज़ाद ने रिसाला मसअला ए ख़िलाफ़त व जज़ीरा ए अरब में सफ़हा 32 से सफ़हा 70 तक हस्ब ए आदत इसे बहुत फैलाकर बयान किया है, इन दोनों का मुहस्सल यह है कि ख़िलाफ़त ए शरईया में भी क़ुरशियत शर्त नहीं, यह सही है या नहीं और इस बारे में मज़हब ए अहले सुन्नत क्या है।

अलजवाब :

الحمد لله الذی فرض اعانة سلاطین الاسلام علی المسلمین و فضل قریشا بخاتم النبیین و سید المرسلین صلی اللہ تعالیٰ علیه و علیهم و بارك وسلم الیٰ یوم الدین و علیٰ اٰله و صحبه و ابنه و حزبه كل اٰن و حین۔

रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम फ़रमाते हैं,

ان الدین النصیحة لله و لكتابه و لرسوله و لائمة المسلمین و عامتهم۔ رواه احمد و مسلم و ابوداؤد و النسائی عن تمیم الداری و الترمذی و النسائی عن ابی هریرة و احمد عن ابن عباس و الطبرانی فی الاوسط عن ثوبان رضی اللہ تعالیٰ عنهم۔

बेशक दीन यह है कि अल्लाह और उसकी किताब और उसके रसूल से

सच्चा दिल रखे और सलातीन ए इस्लाम और जुमला मुसलमानों की ख़ैर ख़वाही करे। सल्तनत अलैहि उस्मानिया अय्यदहल्लाहु तआला न सिर्फ़ उस्मानिया, हर सल्तनत ए इस्लाम, न सिर्फ़ सल्तनत, हर जमाअत ए इस्लाम, न सिर्फ़ जमाअत, हर फ़र्द ए इस्लाम की ख़ैर ख़वाही हर मुसलमान पर फ़र्ज़ है, इसमें क़ुरशियत शर्त होना क्या माना, दिल से ख़ैर ख़वाही मुतलक़न फ़र्ज़ ए ऐन है, और वक़्त ए हाजत दुआ से इमदाद व इआनत भी हर मुसलमान को चाहिए कि उससे कोई आजिज़ नहीं और माल या आमाल से इआनत फ़र्ज़ ए किफ़ाया है और हर फ़र्ज़ ब क़दर ए क़ुदरत, हर हुक्म बशर्ते इस्तिताअत।

मुफ़लिस पर इआनत ए माल नहीं, बे दस्त व पा पर इआनत ए आमाल नहीं व लिहाज़ा मुसलमानान ए हिंद पर हुक्म ए जिहाद व क़िताल नहीं। बादशाह ए इस्लाम अगरचे ग़ैर क़ुरशी हो अगरचे कोई ग़ुलाम हब्शी हो उमूर ए जाइज़ा में उसकी इताअत तमाम रइयत और वक़्त ए हाजत उसकी इआनत ब क़दर ए इसतिताअत सब अहले किफ़ायत पर लाज़िम है, अलबत्ता अहले सुन्नत के मज़हब में ख़िलाफ़त ए शरईया के लिए ज़रूर क़ुरशियत शर्त है, इस बारे में रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम से मुतावातिर हदीसें हैं, इसी पर सहाबा का इजमा, ताबाईन का इजमा, अहले सुन्नत का इजमा है, इसमें मुख़ालिफ़ नहीं मगर ख़ारजी या कुछ मोतज़ली, कुतुब ए अक़ाइद व कुतुब ए हदीस व कुतुब ए फ़िक़्ह इससे मालामाल हैं, बादशाह ग़ैर क़ुरशी को सुल्तान, इमाम, अमीर, वाली, मलिक कहेंगे, मगर शरअन ख़लीफ़ा या अमीरुल मोमिनीन कि यह भी उर्फ़न इसी का मुतारादिफ़ है, हर बादशाह क़ुरशी को भी नहीं कह सकते सिवा उसके जो सातों शुरूत ए ख़िलाफ़त, (1) इस्लाम, (2) अक़्ल, (3) बुलूग़ (4) हुर्रियत (5) ज़ुकूरत (6) क़ुदरत (7) क़ुरशियत सबका जामेअ होकर तमाम मुसलमानों का फ़रमांरवा ए आज़म हो

_ इजमाली कलाम व वाक़िआत ए आम व इज़ाला ए औहाम ए जुह्हाल ख़ाम _ अक़ूल व बिल्लाहित तौफ़ीक़, इस्म ख़िलाफ़त में यह शरई इसतिलाह है जुमला सदियों में इसी पर इत्तिफ़ाक़ ए मुसलीमीन रहा।

(1) ज़माना ए सहाबा से बराबर उलमा ए किराम ख़ुलफ़ा मुलूक को अलाहदा करते आए हत्ता कि ख़ुद सलातीन इसी के पाबंद रहे और आज तक हैं, बड़े बड़े जब्बार बादशाह गुज़रे कभी ग़ैर क़ुरशी ने तुर्क हों या मुग़ल या पठान या कोई और, अपने आपको ख़लीफ़ा न कहलवाया, न ख़िलाफ़त ए मुस्तफ़विया शरईया का दावा किया, जब तक ख़िलाफ़त ए अब्बासिया क़ाइम रही, ख़लीफ़ा ही की सरकार से सलातीन की ताजपोशी होती, सुल्तान दस्त ए ख़लीफ़ा पर बैअत करता और इस मनसब ए शरई का मुस्तहिक़ उसी को जानता अगरचे ज़ोर व ताक़त व सतवत में उससे कही ज़ाइद होता, जब कुफ़्फ़ार तातार के दस्त ए ज़ुल्म से मुहर्रम 656 हिजरी में जामा ए ख़िलाफ़त तार-तार हो गया, उलमा ने फ़रमाया साढ़े तीन बरस तक ख़िलाफ़त मुनक़तअ रही हालांकि उस वक़्त भी क़ाहिर सल्तनतें मौजूद थीं, मिस्र में मलिक ज़ाहिर सुल्तान बेबरस का दौर दौरा था।

इमाम जलालुद्दीन सुयूती तारीख़ुल ख़ुलफ़ा में ख़ातमुल ख़ुलफ़ा मुस्तअ'सिम बिल्लाह की शहादत के बाद ज़िक्र फ़रमाते हैं,

ثم دخلت سنة سبع و خمسين و الدنيا بلا خليفة۔

फिर 657 हिजरी आया और दुनया बे ख़लीफ़ा थी। फिर फ़रमाया,

ثم دخلت سنة ثمان و خمسين و الوقت ايضا بلا خليفة ۔

फिर 656 हिजरी आया और ज़माना इसी तरह बे ख़लीफ़ा था। फिर फ़रमाया,

و تسلطن بيبرس و ازال المظالم و تلقب بالملك الظاهر ثم دخلت سنة تسع و

خمسين و الوقت ايضا بلا خليفة الى رجب فاقيمت بمصر الخلافة و بويع المستنصر و كان مدة انقطاع الخلافة ثلاث سنين و نصفا۔ (ملخصاً)۔

बेबरस सुल्तान हुआ और उसने ज़ुल्म दफ़्अ किए और अपना लक़ब मलिक ज़ाहिर रखा, फिर 659 आया और वक़्त ए माह रजब तक यूँही बे ख़लीफ़ा था यहां तक कि मिस्र में फिर ख़िलाफ़त क़ाइम की गई मुस्तनसिर बिल्लाह अब्बासी के हाथ पर बैअत हुई ख़िलाफ़त साढ़े तीन बरस तक मादूम रही। (मुलख़्ख़सन)। यूँही हसनुल मुहाज़रा फ़ी अख़बार ए मिस्र वल क़ाहिरा में फ़रमाया,

لما اخذ التاتار بغداد و قتل الخليفة اقامت الدنيا بلا خليفة ثلث سنين و نصف سنة و ذلك من يوم الاربعا و رابع عشر صفر سنة ست و خمسين و هو يوم قتل الخليفة المستعصم رحمه الله تعالىٰ الى اثناء سنة تسع و خمس مائة ۔

यानी जबकि तातारियों ने बग़दाद मुक़द्दस ले लिया और ख़लीफ़ा शहीद हुए, दुनया साढ़े तीन बरस बे ख़लीफ़ा रही और यह 14 सफ़र चार शम्बा 656 हिजरी, कि रोज़ ए शहादत ए ख़लीफ़ा मुस्तअ`सिम रहमहुल्लाहि तआला था, से 13 रजब 659 तक का ज़माना था।

(2) यह ख़िलाफ़त कि मिस्र में क़ाइम हुई और ढाई सौ बरस से ज़ाइद रही ख़ुद सुल्तान की क़ाइम की हुई थी, सुल्तान ब ज़ाहिर उसका दस्त ए निगर होता और ख़िलाफ़ पर क़ादिर था नज़र ब क़ुव्वत बे तफ़वीज़ ए ख़लीफ़ा भी नज़्म व नस्क़ व रतक़ व फ़तक़ व अम्र व हुक्म में सुल्तान मुस्तक़िल था, ख़लीफ़ा अमीरुल मोमिनीन कहलाने और बैअत लेने और ख़ुतबा व सिक्का को ज़ीनत व सलातीन को ताज व ख़िलअत देने के लिए होता बल्कि इसकी बिना ख़ुद ख़िलाफ़त ए बग़दाद में पड़ चुकी थी, मुक़तदिर बिल्लाह को 296 हिजरी में

तेरह बरस की उम्र में ख़िलाफ़त मिली, तिफ़्ली व इश्तिग़ाल बाज़ी व इख़्तियारात ए ज़नान व इस्तिख़दाम ए यहूद व नसारा ने ज़ोफ़ पहुंचाया, मुल्क ए मग़रिब निकल गया, मिस्र निकल गया क़रामिता मलऊनों का ज़ोर हुआ। फिर 324 हिजरी में वास्ता का सूबा मुहम्मद इब्न ए राइक़ ख़लीफ़ा राज़ी बिल्लाह पर फ़ाइक़ हुआ, ख़लीफ़ा नाम के लिए था फिर यह बिदअत ए शुनीआ मुद्दतों मुस्तमिर रही मगर तमाम उलमा व मुसलीमीन और ख़ुद जब्बार से जब्बार सलातीन भी ख़िलाफ़त उन्हीं क़ुरशी ख़ुलफ़ा की मानते और उन्हीं से परवाना व ख़िलअत ए सल्तनत लेते। अगर ग़ैर क़ुरशी भी ख़लीफ़ा हो सकता तो सलातीन ख़ुद ख़ुलफ़ा बनते, क्या ज़रूरत थी उन क़ुरशिओ को अपना तग़ल्लुब मिटाने के लिए हीला ए शरईया के वास्ते ख़लीफ़ा बनाते और अपने ज़ेर दस्तों के हुज़ूर सर ए बन्दगी झुकाते और उनके हाथ से ताज व ख़िताब पाते, मगर नहीं वह मुसलमान थे सुन्नी थे जानते थे कि हम क़ुरशी नहीं, हमारी ख़िलाफ़त नहीं हो सकती और बे तौलियत ए ख़िलाफ़त बतौर ए ख़ुद सुल्तान करेंगे तो दाग़ ए तग़ल्लुब हमारी पेशानी से न मिटेगा इसलिए उन अब्बासी क़ुरशिओं की ख़िलाफ़त रखी थी।

(3) फिर उधर ही के सुल्तान नहीं इस दूर दराज़ ममलुकत ए हिन्द के मुतशर्रअ सलातीन ने भी उन्हीं ख़ुलफ़ा से अपने नाम परवाना ए सल्तनत किया हालांकि यह किसी तरह तसल्लुत की राह से उनके मातहत न थे, तारीख़ुल ख़ुलफ़ा में है,

و فی سنة اربع عشرة ارسل غیاث الدین اعظم شاہ بن اسکندر شاہ ملك الهند یطلب التقلید من الخلیفة و ارسل الیه مالا و للسلطان هدیة۔

सन आठ सौ चौदह में बादशाह ए हिन्द आज़म शाह ग़यासुद्दीन इब्न ए सिकंदर शाह ने ख़लीफ़ा मुस्तईन बिल्लाह अबुल फ़ज़्ल से अपने लिए परवाना

ए तक़र्रुर ए सल्तनत मांगा और ख़लीफ़ा के लिए नज़र और सुल्तान ए मिस्र को हदया भेजा। ख़ुद मिस्टर के इसी रिसाला ए ख़िलाफ़त, सफ़हा 79 में है, "जब तक बग़दाद की ख़िलाफ़त रही हिन्दुस्तान के तमाम हुक्मरान उसके फ़रमां बरदार रहे जब 660 हिजरी[1] में मिस्र की अब्बासी ख़िलाफ़त का सिलसिला शुरू हुआ तो अगरचे अब्बासिया के कारवान ए रफ़्ता का महज़ एक नुमूद ए ग़ुबार था ताहम सलातीन ए हिन्द उसकी हल्क़ा बगोशी व ग़ुलामी को अपने लिए फ़ख़्र समझते रहे और मरकज़ी ख़िलाफ़त की अज़मत ए दीनी ने मजबूर किया कि अपनी हुकूमत को शरई तौर पर मनवा देने के लिए मक़ाम ए ख़िलाफ़त से परवाना ए नियाबत हासिल करते रहें।" फिर सुल्तान मुहम्मद इब्न ए तुग़लक़ शाह व सुल्तान फ़िरोज़ शाह की बन्दगी व ग़ुलामी जो उस ख़िलाफ़त से रही और फ़िरोज़ शाह के लिए दरबार ए ख़िलाफ़त से दो बार परवाना ए तक़र्रुर

ए सल्तनत व निशान व ख़िलअत का आना लिखा और यह कि सुल्तान ने उसकी कमाल ताज़ीम की और यह समझा कि गोया यह इज़्ज़त आसमान से उतरी और यह सनद बारगाह ए रिसालत से मिली, फिर कहा (सफ़हा 80) "ग़ौर करो मक़ाम ए ख़िलाफ़त की अज़मत का हमेशा क्या हाल रहा ख़िलाफ़त ए बग़दाद मिटने के बाद भी ख़िलाफ़त की सिर्फ़ एक इस्मी निस्बत भी इस दर्जा जबरूत रखती थी कि हिन्दुस्तान जैसे बईद गोशा में एक अज़ीमुश शान फ़रमांरवा ए अक़लीम मिस्र के दरबार ए ख़िलाफ़त से इज़्न व इजाज़त हासिल होने पर फ़ख़्र करता है, मिटने पर भी उस मक़ाम की अज़मत तमाम आलम ए इस्लामी पर इस तरह छाई रहती है कि वहाँ का फ़रमान आसमानी फ़रमान और वहाँ का हुक्म बारगाह ए नुबूवत का हुक्म समझा जाता है।" ख़ुदा जाने मिस्टर

[1] यह ग़लत है बल्कि 9 रजब 659 हिजरी।

आज़ाद यह किस जंग या किस नशे की तरंग में लिख गए, उनका ऐतिक़ाद तो यह है कि "इंतिख़ाब ए ख़लीफ़ा का मौक़ा न रहा हो तो ख़लीफ़ा तसलीम कर लेने के लिए बजुज़ इस्लाम और हुकूमत के जमाव और जगह पकड़ लेने के और कोई शर्त नहीं।" सुबहान अल्लाह यह सलातीन ए हिन्द व सलातीन ए मिस्र और ख़ुद सुल्तान बेबरस जिसने उस ख़िलाफ़त की बुनियाद रखी मुसलमान ही थे और उनकी हुकूमतें जमी हुई थीं तो आपकी काफ़ी साख़्ता दोनों शर्त ए ख़िलाफ़त मौजूद थीं फिर उन्होंने ख़ुद अपने आपको ख़लीफ़ा क्यों न जाना और उनकी हुकूमत शरई तौर पर मानने के क़ाबिल क्यों न हुई हालांकि आपके नज़दीक शरीअत का हुक्म है कि "उसी को ख़लीफ़ा मानना चाहिए ख़वाह तमाम शर्तें उसमें पाई जाएं या न पायी जाएं।" (सफ़हा 51) "हर मुसलमान पर अज़ रू ए शरअ वाजिब है कि उसी को ख़लीफ़ा ए इस्लाम तसलीम करे।" (सफ़हा 35)

ख़ैर आपका तनाक़ुज़ आपको मुबारक। सलातीन ए इस्लाम ने क्यों अपनी ख़िलाफ़त न मानी और वह क्या बात उनमें कम थी जिसके लिए उन्हें दूसरे की ख़िलाफ़त जमाने और उसकी इजाज़त के सदक़े अपनी हुकूमत को शरई मनवाने की ज़रूरत पड़ी। ज़ाहिर है कि वह न थी मगर शर्त ए क़ुरशियत।

(4) मिस्टर को छोड़िए जिन्होंने दो ही शर्तें रखीं, अइम्मा ए दीन तो सात बताते हैं, देखिए शायद उनमें की कोई और शर्त मफ़क़ूद होने के सबब सलातीन ने अपने आपको ख़लीफ़ा न समझा, ऊपर गुज़रा कि वह (1) इस्लाम व (2) हुर्रियत व (3) ज़ुकूरत व (4) अक़्ल व (5) बुलूग़ व (6) क़ुदरत व (7) क़ुरशियत हैं, हम देखते हैं कि इन सलातीन में छह मौजूद थीं, पहली पाँच बदाहतन और क़ुदरत यह कि हुकूमत का जमाव बे उसके नहीं तो सिर्फ़ एक ही क़ुरशियत न थी ला जरम उसके न होने से तमाम सलातीन ने अपने आपको ख़लीफ़ा न माना

और क़ुरशी ख़िलाफ़त का मोहताज दस्त ए निगर जाना।

(5) बल्कि बतौर ए मिस्टर अम्र वाज़ेह तर है उन नाम के ख़ुलफ़ा में अगर क़ुरशियत मौजूद थी क़ुदरत मफ़क़ूद थी कि वह सलातीन के हाथों शतरंज के बादशाह थे, जब्बार ख़ूंख़वार मुतकब्बिर मुतजब्बिर सलातीन के सर में यूँ भी सौदा ए मुसावात व बे नियाज़ी न समाया और उन्हीं को ख़लीफ़ा और अपने आपको उनका मोहताज ठहराया हत्ता कि जब सुल्तान बेबरस ने मुस्तनसिर को ख़लीफ़ा किया और उससे परवाना ए सल्तनत लिया, ख़लीफ़ा ने इज़हार ए इन्क़ियाद के लिए उसके पाँव में सोने की बेड़ियाँ डालीं और सुल्तान ने ख़दम हशम के साथ यूँही क़ाहिरा अपने दारूल सल्तनत का गश्त किया कि गले में तौक़ और पाँव में बेड़ियाँ और आगे-आगे वज़ीर के सर पर ख़लीफ़ा का अता किया हुआ परवाना ए सल्तनत (हसनुल मुहाज़रा), रौशन हुआ कि वह शर्त ए क़ुरशियत किस दर्जा अहम व ज़रूरी तर जानते थे उन्होंने ख़याल किया कि क़ुदरत मुकतसिबा भी होती है बल्कि उसे इकतिसाब से मफ़र नहीं कि मुल्कों पर तन्हा का तसल्लुत आदतन नहीं होता मगर अफ़वाज व इताअत ए जमाअत से जब इक़्तिदार वालों ने उन्हें सर पर रख लिया तो मक़सूद इक़्तिदार हासिल हो गया जैसे ख़लीफ़ा में ख़ुद आलिम ए उसूल व फ़रअ होने की शर्त इत्तिफ़ाक़ी न रही कि दूसरे के इल्म से काम चल सकता है लेकिन क़ुरशियत ऐसी चीज़ नहीं कि दूसरे से मुकतसिब हो लिहाज़ा अपने इक़्तिदार का ख़याल न किया और उनकी क़ुरशियत के आगे सर झुका दिया।

(6) न सिर्फ़ सलातीन बल्कि ब कसरत ए अइम्मा व उलमा ने इसी को ख़िलाफ़त जाना ख़िलाफ़त ए बग़दाद पर पिछली तीन सदियाँ जैसी गुज़रीं उन्हें जाने दो तो यही ख़िलाफ़त ए मिस्र लो जिसे तुम कारवान ए रफ़्ता की महज़ एक नुमूद ए ग़ुबार कहते हो।

(अ) जब बेबरस ने मुस्तनसिर की ख़िलाफ़त क़ाइम करनी चाही सबमें पहले इमाम अजल्ल इमाम इज़्ज़ुद दीन इब्न ए अब्दुस सलाम ने बैअत फ़रमाई फिर सुल्तान बेबरस फिर क़ाज़ी फिर उमरा वग़ैरहुम ने।

(ब) फिर अबुल अब्बास हाकिम बिअम्रिल्लाह के बेटे तीसरे ख़लीफ़ा ए मिस्री मुस्तकफ़ी बिल्लाह की ख़िलाफ़त का इम्ज़ा और उसकी सेहत का सुबूत इमाम अजल्ल तक़ीउद्दीन इब्न ए दक़ीक़ुल ईद के फ़तवे से हुआ, उनके अहद नामा ए ख़िलाफ़त में था,

الحمد للہ الذی ادام الائمۃ من قریش و جعل الناس تبعا لھم فی ھذا الامر فغیرھم بالخلافۃ العظمۃ لا یدعی و لا یسمی۔

सब खूबियां अल्लाह को जिसने ख़लीफ़ा हमेशा क़ुरैश में से किए और तमाम लोगों को ख़िलाफ़त में उनका ताबेअ किया तो ग़ैर क़ुरशी को न ख़लीफ़ा कहा जाएगा न वह इस नाम से पुकारा जाए। इस पर क़ाज़ीउल क़ज़्ज़ात शम्सुद दीन हनफ़ी के दस्तख़त हुए।

(ज) फिर मुस्तकफ़ी के बेटे अबुल अब्बास अहमद हाकिम बिअम्रिल्लाह की सेहत ए ख़िलाफ़त पर इमाम क़ाज़ीउल क़ज़्ज़ात इज़्ज़ुद दीन इब्न ए जमाअह ने शहादत दी और उनकी मिसाल ए बैअत अल्लामा अहमद शहाब इब्न ए फ़ज़्लुल्लाह ने लिखी इसमें उनको ख़लीफ़ा ए जामेअ शराइत ए ख़िलाफ़त लिखा और लिखा कि

وصل الحق الیٰ مستحقہ۔

हक़ ब हक़दार रसीद,

کل ذلک فی حسن المحاضرۃ۔

(द) इमाम अजल्ल अबू ज़करिया नववी इसी ख़िलाफ़त ए मिस्रिया के दौर

से मुताल्लिक़ शरह ए सहीह मुस्लिम में फ़रमा रहे हैं,

قد ظهر ما قاله صلى الله تعالىٰ عليه وسلم فمن زمنه الى الآن الخلافة فى قريش

रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम का इरशाद ज़ाहिर हो गया कि जबसे आज तक ख़िलाफ़त क़ुरैश ही में है। देखो अकाबिर अइम्मा बराबर उन्हें ख़ुलफ़ा मानते आए।

(ह) इमाम ख़ातमुल हुफ़्फ़ाज़ जलालुद दीन सुयूती ने तारीख़ुल ख़ुलफ़ा में यह तमाम ख़िलाफ़तें बग़दादी फिर मिस्री ज़िक्र कीं और ख़ुतबा में फ़रमाया,

ترجمت فيه الخلفاء امراء المؤمنين القائمين بامر الامة من عهد ابى بكر الصديق رضى الله تعالىٰ عنه والى عهدنا هذا ـ

मैंने इस किताब में उनके अहवाल बयान किए जो ख़लीफ़ा अमीरुल मोमिनीन कार ए उम्मत पर क़याम करने वाले सिद्दीक़ ए अकबर रदि अल्लाहु तआला अन्हु के वक़्त से हमारे ज़माने तक हुए।

(व) फिर फ़रमाया मैंने उसमें किसी उबैदी का ज़िक्र न किया कि कई वजह से उनकी ख़िलाफ़त सहीह नहीं, एक तो वह क़ुरशी न थे, दूसरे वह बद मज़हब बे दीन कम अज़ कम राफ़ज़ी थे,

ومثل هؤلاء لا تنعقد لهم بيعة ولا تصح لهم امامة ـ

ऐसों के लिए न बैअत हो सके न उनकी ख़िलाफ़त सहीह। तीसरे यह कि उनकी बैअत उस वक़्त हुई कि ख़िलाफ़त ए अब्बासी क़ाइम थी और एक वक़्त में दो ख़लीफ़ा नहीं हो सकते, चौथी यह कि हदीस फ़रमा चुकी कि ख़िलाफ़त जब बनी अब्बास को मिलेगी फिर ज़ुहूर ए इमाम महदी तक दूसरे को न पहुंचेगी, इन वुजूह से मैंने उबैदियों को ज़िक्र न किया,

وانما ذكرت الخليفة المتفق على صحة امامته ـ

मैंने वही ख़ुलफ़ा ज़िक्र किए जिनकी सेहत ए ख़िलाफ़त पर इत्तिफ़ाक़ है। देखो कैसी सरीह नस हैं कि यह कमज़ोर ख़िलाफ़तें भी सहीह ख़िलाफ़त हैं, आख़िर किस लिए, इसलिए कि क़ुरैश हैं और ज़बरदस्त ताक़तवर सलातीन ग़ैर क़ुरशी।

(ज़) ख़लीफ़ा मुस्तकफ़ी बिल्लाह ने शाबान 740 हिजरी या 741 हिजरी में वफ़ात पाई और अपने बेटे अहमद हाकिम बिअम्रिल्लाह को वली अहद किया सुल्तान नासिरुद्दीन मुहम्मद इब्न ए क़लावून तुर्की ने कि 736 हिजरी में मुस्तकफ़ी बिल्लाह से रंजीदा हो गया और 18 ज़िल हिज्जा को उसे मिस्र से बाहर शहर क़ूस में मुक़ीम किया (अगरचे इदारात पहले से भी ज़ाइद कर दिए और ख़ुतबा व सिक्का ख़लीफ़ा ही का जारी रहा) उस अहदनामा को न माना और जबरन ख़लीफ़ा मुस्तकफ़ी के भतीजे इब्राहीम इब्न ए मुहम्मद हाकिम बिअम्रिल्लाह के लिए बैअत ली (अगरचे मरते वक़्त ख़ुद इस पर नादिम हुआ और सरदारों को वसीअत की कि ख़िलाफ़त वही अहद ए मुस्तकफ़ी अहमद के लिए हो जिस पर इब्न ए फ़ज़्लुल्लाह ने वह लिखा कि हक़ ब हक़दार रसीद)। इब्न ए क़लावून की इस हरकत पर इमाम जलालुद्दीन सुयूती ने हसनुल मुहाज़रा में फ़रमाया कि अल्लाह अज़्ज़ा व जल्ल ने नासिर इब्न ए क़लावून पर उसके सबसे ज़्यादा अज़ीज़ बेटे अमीर अनूक की मौत की मुसीबत डाली, यह उसे पहली सज़ा दी, फिर मुस्तकफ़ी के बाद सल्तनत से मुतमत्तिअ न हुआ एक साल और कुछ रोज़ों के बाद अल्लाह अज़्ज़ा व जल्ल ने उसे हलाक किया बल्कि बाज़ ने मुस्तकफ़ी की वफ़ात 741 हिजरी लिखी है तो यूँ तीन ही महीने बाद मरा,

سنۃ اللہ فی من مس احدا من الخلفاء بسوء فان اللہ تعالیٰ یقصمه عاجلا و ما یدخرله فی الاٰخرۃ من العذاب اشد۔

सुन्नत ए इलाहिया है कि जो कोई किसी ख़लीफ़ा से बुराई करे अल्लाह तआला उसे हलाक फ़रमा देता है और वह जो आख़िरत में उसके लिए रखता है सख़्त तर अज़ाब है। फिर औलाद इब्न ए क़लावून में इसकी शामत की सरायत बयान फ़रमाई कि उनमें जो बादशाह हुआ तख़्त से उतारा गया और क़ैद या जलावतन या क़त्ल किया गया, ख़ुद उसका सुल्बी बेटा कि उसके बाद तख़्त पर बैठा दो महीने से कम में उतार दिया गया और मिस्र से क़ूस ही को भेजा गया जहाँ सुल्तान ने ख़लीफ़ा को भेजा था और वही क़त्ल किया गया, नासिर ने चालीस बरस से ज़्यादा सल्तनत की और उसकी नस्ल से बारह बादशाह हुए जिनकी मजमूई मुद्दत इतनी न हुई।

(ह') नीज़ इमाम ममदूह किताब मौसूफ़ में फ़रमाते हैं,

اعلم ان مصر من حين صارت دار الخلافة عظم امرها وكثرت شعائر الاسلام فيها وعلت فيها السنة وعفت عنها البدعة وصارت محل سكن العلماء و محط الرجال الفضلاء و هذا سر من اسرار الله تعالیٰ اودعه فی الخلافة النبوية كما دل ان الايمان والعلم يكونان مع الخلافة اينما كانت ولا يظن ان ذلك بسبب الملوك فقد كانت ملوك بنی ايوب اجل قدرا و اعظم قدرا من ملوك جاءت بعدهم بكثير ولم تكن مصر فی زمنهم كبغداد و فی اقطار الارض الاٰن من الملوك من هو اشد بأسا و اكثر جندا من ملوك مصر كالعجم و العراق و الروم و الهند و المغرب و ليس الدين قائما ببلادهم كقيامه بمصر و لا شعائر الاسلام ظاهرة فی اقطارهم كظهورها فی مصر و لا انتشرت السنة و الحديث و العلم فيها كما فی مصر۔

यानी मिस्र जबसे दारुल ख़िलाफ़ह हुआ उसकी शान बढ़ गई, शआइर ए इस्लाम की उसमें कसरत हुई, सुन्नत ग़ालिब हुई बिदअत मिटी, उलमा का जंगल फ़ुज़ला का दंगल हो गया, और यह राज़ ए इलाही कि उसने ख़िलाफ़त

ए नुबूवत में रखा है जिस तरह हदीस में आया कि ख़िलाफ़त जहाँ होगी इल्म व ईमान के साथ होंगे, और यह कोई न समझे कि मिस्र में यह दीन की तरक़्क़ी सलातीन के सबब हुई कि सलातीन बनी अय्यूब सलातीन ए मा बाद से बहुत ज़्यादा जलीलुल क़द्र थे और उनके ज़माने में मिस्र बग़दाद को न पहुंचता था और अब अतराफ़ ए ज़मीन में वह सलातीन हैं कि सलातीन ए मिस्र से उनकी आँच सख़्त और लश्कर ज़ाइद जैसे ईरान, इराक़, रोम, मग़रिब, हिन्दुस्तान। मगर दीन वहाँ ऐसा क़ाइम नहीं जैसा मिस्र में है, न शआइर ए इस्लाम ऐसे ज़ाहिर न सुन्नत व हदीस व इल्म का ऐसा शुयूअ, यह सब ख़िलाफ़त ही की बरकत है, देखो कैसा जब्बार व बिल इक़्तिदार सलातीन को जिनमें तुर्क भी हैं अलग कर दिया और ख़िलाफ़त ए नुबूवत ऐसी कमज़ोर ख़िलाफ़त ए मिस्र में मानी। आख़िर यह फ़र्क़ ए क़ुरशियत नहीं तो क्या है।

(7) अगर कहिए वह ख़िलाफ़त से नामज़द हो चुके थे लिहाज़ा बाद के सलातीन ने अगरचे जामेअ शुरूत थे अपने आपको ख़लीफ़ा न जाना कि ख़िलाफ़त जब एक के लिए हो ले दूसरा नहीं हो सकता।

अक़ूल : अव्वलन : यह हो तो सलातीन मा बाद में हो, बेबरस की सल्तनत तो पहले मुनअक़िद हो ली थी, फिर दूसरे को ख़लीफ़ा बनाने और उसके आगे हाथ फैलाने और यह सिलसिला ए माज़िया जलाने जमाने के क्या माने थे, काश सुल्तान अपने आपको माज़ूल कर लेता और मुस्तनसिर ही के हाथ में बाग देता मगर नहीं वह सल्तनत पर क़ाइम रहा, और तुम्हारे ज़ोम में ख़ुद बेबरस की ख़िलाफ़त सहीहा और हर मुसलमान पर शरअन वाजिबुत तसलीम थी, अब उसने इंतिख़ाब की तरफ़ आकर अपनी सहीह शरई ख़िलाफ़त तो बातिल कर दी और एक इस्मी रस्मी क़ाइम की, यह कैसा जुनून हुआ जिसे तमाम उलमा ए अस्र ने भी पसंद किया तुर्फ़ा तर यह कि अपनी हुकूमत शरई तौर पर मनवाने

के लिए किया जिसका मिस्टर को भी एतिराफ़ है हालांकि इससे पहले उसकी ख़िलाफ़त का मानना आपके नज़दीक शरअन वाजिब था और अब न रहा कि इंतिख़ाब ने शराइत आइद कीं वह न उसमें हैं न उस ख़लीफ़ा में तो अपनी ख़िलाफ़त खोई, ख़लीफ़ा इस्मी से तौलियत ली वह गई और यह न हुई दोनों दीन से गए इसीलिए गले में तौक़ और पाँव में बेड़ियाँ पहनी थीं,

ع۔ بیکسیہائے تمناکہ نہ دنیا ونہ دین۔

ग़रज़ यह इजाद ए आज़ाद वह मोहमल व बे माना हज़यान है जो सलातीन व उलमा की ख़वाब में न था वह यक़ीनन जानते थे कि ख़िलाफ़त में हमारा कुछ हिस्सा नहीं और दाग़ ए तग़ल्लुब हमसे न मिटेगा जब तक किसी ख़लीफ़ा क़ुरशी से इज़्न न लें लिहाज़ा यह सूरत ए ख़िलाफ़त क़ाइम की कि,

مالا یدرك كله لا یترك كله۔

(8) सानियन : दुनया में इस्लामी सल्तनतें मुख़्तलिफ़ ममालिक में फैली हुई थीं और हर एक अपने मुल्क का हाकिम मुस्तक़िल और आपकी दोनों शर्तें ख़िलाफ़त का जामेअ था और तबद्दुल ए अय्याम व मौत व तक़र्रुर ए सलातीन से कभी यहाँ की सल्तनत पहले होती कभी वहाँ की, उनमें किसी मुतअख़्ख़िर ने यह न जाना कि ख़िलाफ़त उस दूसरे सुल्तान का हक़ है मुझे उससे इज़्न व परवाना लेना चाहिए लेकिन समझा तो उस क़ुरैशी ख़िलाफ़त का मोहताज समझा तो हरगिज़ उसकी बिना तक़द्दुम व तअख़्ख़ुर न थी बल्कि वही एक अकेली शर्त ए क़ुरशियत कि ना मुक़तदिरी ए ख़लीफ़ा की हालत में भी अपना रंग जमाती और बड़े बड़े इक़्तिदार व जबरूत वालों का सर अपने सामने झुकाती थी। अलहम्दु लिल्लाह कैसे रौशन बयानों से साबित हुआ कि यह सारे जलवे शर्त ए क़ुरशियत के थे तमाम सलातीन का ख़ुद यही अक़ीदा था कि हम ब वजह ए अदम ए क़ुरशियत लाइक़ ए ख़िलाफ़त नहीं, क़ुरशी के सिवा दूसरा

शख़्स ख़लीफ़ा नहीं हो सकता कि हर वक़्त व क़र्न के उलमा उन्हें यही बताते रहे। और क़तअन यही मज़हब ए अहले सुन्नत है और इसी पर अहादीस ए मुस्तफ़ा सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की मुतावातिर शहादत है,

فماذا بعد الحق الا الضلال۔

रहा मसअला ए इआनत, क्या आप लोगों के ज़ोम में सुल्तान ए इस्लाम की इआनत कुछ ज़रूर नहीं सिर्फ़ ख़लीफ़ा की इआनत जाइज़ है कि मुसलमानों को इआनत पर उभारने के लिए इद्दिआ ए ख़िलाफ़त ज़रुर हुआ या सुल्तान ए मुसलिमीन की इआनत सिर्फ़ क़ादिरों पर है और ख़लीफ़ा की इआनत बिला क़ुदरत भी फ़र्ज़ है, यह नुसूस ए क़तईया ए क़ुरआन के ख़िलाफ़ है, और जब कोई वजह नहीं फिर क्या ज़रुरत थी कि सीधी बात में झगड़ा डालने के लिए जुमला उलमा ए किराम की वाज़ेह तसरीहात ए मुताज़ाफ़िरा और इजमा ए सहाबा व इजमा ए उम्मत व अहादीस ए मुतावातिरा के ख़िलाफ़ यह तहरीक लफ़्ज़ ए ख़िलाफ़त से शुरू करके अक़ीदा ए इजमाइया अहले सुन्नत का ख़िलाफ़ किया जाए, ख़ारजियों, मोतज़िलियों का साथ दिया जाए, दूर अज़ कार तावीलों, तबदीलीयों, तहरीफ़ों, ख़ियानतों, इनादों, मुकाबरों से हक़ छुपाने और बातिल फैलाने का ठेका लिया जाए। वल इयाज़ु बिल्लाहि तआला।

अब हम बितौफ़ीक़िहि तआला इस इजमाल ए मुफ़स्सल की तफ़सील ए मुजमल के लिए कलाम को एक मुक़द्दिमा और तीन फ़सल पर मुनक़सिम करते हैं,

मुक़द्दिमा : ख़लीफ़ा व सुल्तान के फ़र्क़ और यह कि किसी उर्फ़ ए हादिस से मसअला ए ख़िलाफ़त मुसतलिहा ए शरईया पर कोई असर नहीं पड़ सकता।

फ़सल ए अव्वल : अहादीस ए मुतावातिरा व इजमा ए सहाबा व ताबाईन व मज़हब ए अहले सुन्नत नसरहुमुल्लाह तआला से शर्त ए क़ुरशियत के रौशन

सुबूत

फ़सल ए दुवम : ख़ुतबा ए सदारत में मौलवी फ़िरंगी साहिब की पंद्रह सत्री कारगुज़ारी की नाज़ बरदारी।

फ़सल ए सुवम : रिसाला ए ख़िलाफ़त में मिस्टर अबुल कलाम आज़ाद के हज़यानात व तलबीसात की ख़िदमत गुज़ारी।

وباللہ التوفیق لا رب سواہ والصلوٰۃ والسلام علیٰ مصطفاہ و آلہ وصحبہ ومن والاہ۔

मुक़द्दिमा

ख़लीफ़ा व सुल्तान के फ़र्क़ और यह कि सुल्तान कह दिया जाना ही ख़लीफ़ा न होने की काफ़ी दलील है और यह कि लफ़्ज़ ख़लीफ़ा में अगर कोई उर्फ़ हादिस हो तो उससे ख़िलाफ़त मुसतलिहा ए शरईया पर क्या असर।

(1) ख़लीफ़ा हुक्मरानी व जहांबानी में रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम का नाइब ए मुतलक़ तमाम उम्मत पर विलायत ए आम्मा वाला है, शरह ए अक़ाइद ए नसफ़ी में है,

(خلافتھم) ای نیابتھم عن الرسول فی اقامۃ الدین بحیث یجب علی کافۃ الامم الاتباع۔

ख़ुदसर कुफ़्फ़ार का उसे न मानना शरअन उसके इसतिहक़ाक़ ए विलायत ए आम्मा में मुख़िल नहीं जिस तरह उनका ख़ुद नबी को न मानना यूँही रु ए ज़मीन के मुसलमानों में जो उसे न मानेगा उसकी ख़िलाफ़त में ख़िलाफ़ न आएगा यह ख़ुद ही बाग़ी क़रार पाएगा और इसतिलाह में सुल्तान वह बादशाह है जिसका तसल्लुत ए क़हरी मुल्को पर हो, छोटे छोटे वालियान ए मुल्क उसके

ज़ेर ए हुक्म हों,

كما ذكره الامام جلال الدين السيوطى رحمه الله تعالیٰ فی حسن المحاضرة عن ابن فضل الله فی المسالك عن على بن سعيد ـ

यह दो क़िस्म है,

(अ) मुवल्ला जिसे ख़लीफ़ा ने वाली किया हो उसकी विलायत हस्ब ए अता ए ख़लीफ़ा होगी जिस क़दर पर वाली करे।

(ब) दूसरा मुतग़ल्लिब कि ब ज़ोर ए शमशीर मुल्क दबा बैठा उसकी विलायत अपनी क़लमरू पर होगी व बस।

(2) कि अव्वल पर मुतफ़र्रिअ है ख़लीफ़ा की इताअत ग़ैर मासियत ए इलाही में तमाम उम्मत पर फ़र्ज़ है जिसका मंशा ख़ुद उसका मनसब है कि नाइब ए रसूल ए रब है सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम, और सुल्तान की इताअत सिर्फ़ अपनी क़लमरू पर, फिर अगर मुवल्ला है तो ब वास्ता अता ए ख़लीफ़ा इस मनसब ही की वजह से कि उसका अम्र अम्र ए ख़लीफ़ा है और अम्र ए ख़लीफ़ा अम्र ए नबी सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम, और अगर मुतग़ल्लिब है तो न उसके मनसब से कि वह शरई नहीं बल्कि दफ़्अ ए फ़ितना और अपने तहफ़्फ़ुज़ के लिए, ख़ुद मिस्टर ने फ़तहुल बारी से दर बारा ए सुल्तान मुतग़ल्लिब नक़ल किया (सफ़हा 51),

طاعته خير من الخروج عليه لما فى ذلك من حقن الدماء و تسكين الدهماء ـ

(3) कि दुवम पर मुतफ़र्रिअ है, ख़लीफ़ा ने जिस मुबाह का हुक्म दिया हक़ीक़तन फ़र्ज़ हो गया, जिस मुबाह से मना किया हक़ीक़तन हराम हो गया यहाँ तक कि तन्हाई व ख़लवत में भी उसका ख़िलाफ़ जाइज़ नहीं कि ख़लीफ़ा न देखे, अल्लाह देखता है, एक ज़माने में ख़लीफ़ा मनसूर ने इमामुल अइम्मा सिराजुल उम्मा सय्यिदुना इमाम ए आज़म रदि अल्लाहु तआला अन्हु को

फ़तवा देने से मना कर दिया था, इमाम हुमाम की साहिबज़ादी ने घर में एक मसअला पूछा, इमाम ने फ़रमाया, मैं जवाब नहीं दे सकता, ख़लीफ़ा ने मना किया है। यहाँ से ज़ाहिर हुआ कि ख़लीफ़ा का हुक्म मुबाह दरकिनार फ़र्ज़ ए किफ़ाया पर ग़ालिब है जबकि दूसरे उसके अदा करने वाले मौजूद हों कि अब उसका तर्क मासियत नहीं तो हुक्म ए ख़लीफ़ा नाफ़िज़ होगा अगरचे ख़लीफ़ा ज़ालिम बल्कि ख़ुद उसका वह हुक्म ज़ुल्म हो कि इमाम को फ़तवा से रोकना न होगा मगर ज़ुल्मन, और सुल्तान मुतग़ल्लिब जिसकी विलायत ख़लीफ़ा से मुस्तफ़ाद न हो उसके अम्र व नही से मुबाहात फ़ी नफ़सिहा वाजिब व हराम न हो जाएंगे, तन्हाई में इस तौर पर कि उसे इत्तिला पहुंचने का अंदेशा न हो मुबाह अपनी इबाहत पर रहेगा। अल्लामा शहाबुद्दीन ख़फ़ाजी रहमहुल्लाहि तआला साहिब ए नसीमुर रियाज़ व इनायतुल क़ाज़ी वग़ैरहुमा कुतुब ए नाफ़िआ के ज़माने में सुल्तान ने हुक़्क़ा पीने से लोगों को मना किया था, यह पर्दा डालकर पीते। इमाम अल्लामा आरिफ़ बिल्लाह सय्यिदी अब्दुल ग़नी नाबलुसी क़ुद्दिसा सिर्रुहुल क़ुदसी रिसाला सुलह बैनल इख़वान में फ़रमाते हैं, न ख़ुद पीता हूँ न मेरे घर में भी कोई पीता है मगर मुबाह को हराम नहीं कह सकता। और मना ए सुल्तान के जवाब में शरह हदिया इब्नुल इमाद में फ़रमाते हैं,

ليت شعری ای امر من امریه یتمسك به امرہ الناس بترکه او امرہ باعطاء المکس علیه علی ان المراد من اولی الامر فی الاٰیة العلماء علی اصح الاقوال کما ذکرہ العینی فی اٰخر مسائل شتی من شرح الکنز و ایضا هل منع السلاطین الظلمة یثبت حکما شرعیا وقد قالوا من قال لسلطان زماننا عادل کفر۔

यानी काश मैं जानूं कि सुल्तान का कौनसा हुक्म लिया जाए यह कि लोग हुक़्क़ा न पीएं या यह कि तम्बाकू पर टैक्स दे मअ हाज़ा आयह ए करीमा में असह क़ौल यह है कि ऊलुल अम्र से मुराद उलमा हैं जिस तरह शरह ए कंज़

ए इमाम ऐनी में है नीज़ क्या ज़ालिम सलातीन का हुक्म हुक्म ए शरई हो जाएगा हालांकि अइम्मा ए दीन ने तसरीह फ़रमाई है कि जो हमारे ज़माने के सुल्तान को आदिल कहे काफ़िर हो जाएगा। इंतहा। यह इरशाद इमाम इल्मुल हुदा अबू मनसूर मातुरीदी रदि अल्लाहु तआला अन्हु का अपने ज़माने के सलातीन में है जिन्हें हज़ार बरस से ज़ाइद हुए न कि अब।

نسأل الله العفو والعافية۔

(4) कि नीज़ दुवम पर मुतफ़र्रिअ है, ख़लीफ़ा एक वक़्त में तमाम जहाँ में एक ही हो सकता है और सलातीन दस मुल्कों में दस। ख़ुद मिस्टर आज़ाद लिखते हैं (सफ़हा 84) "इस्लाम ने मुसलमानों की हुकूमत एक ही क़रार दी थी यानी रू ए ज़मीन पर मुसलमानों का सिर्फ़ एक ही फ़रमांरवा व ख़लीफ़ा हो।"

(5) कोई सुल्तान अपने इनइक़ाद ए सल्तनत में दूसरे सुल्तान के इज़्न का मोहताज नहीं मगर हर सुल्तान इज़्न ए ख़लीफ़ा का मोहताज है कि बे उसके उसकी हुकूमत शरई व मर्ज़ी ए शरअ नहीं हो सकती, ख़ुद आज़ाद के सफ़हा 79 से गुज़रा कि "ख़िलाफ़त की अज़मत ए दीनी ने मजबूर किया कि अपनी हुकूमत को शरई तौर पर मनवा देने के लिए ख़िलाफ़त से परवाना ए नियाबत हासिल करते रहें।"

(6) ख़लीफ़ा बिला वजह ए शरई किसी बड़े से बड़े सुल्तान के माज़ूल किए माज़ूल नहीं हो सकता, ख़ुद जब्बार व सरकश क़ुव्वाद तुर्क कि मुतवक्किल इब्न ए मोतसिम इब्न ए हारून रशीद को क़त्ल करके ख़ुलफ़ा पर हावी हो गए थे जब उनमें किसी को ज़िंदा रखकर माज़ूल करना चाहते ख़ुद उसे मजबूर करते कि ख़िलाफ़त से इस्तीफ़ा दे ताकि अज़्ल सहीह हो जाए ब ख़िलाफ़ ए सुल्तान कि ख़लीफ़ा का सिर्फ़ ज़बान से कह देना, "मैंने तुझे माज़ूल किया" उसके अज़्ल को बस है।

(7) सल्तनत के लिए क़ुरशियत दरकिनार हुर्रियत भी शर्त नहीं, बहुतेरे ग़ुलाम बादशाह हुए, ख़ुद रिसाला ए आज़ाद सफ़हा 55 में है, "ग़ुलामों ने बादशाहत की है और तमाम सादात व क़ुरैश ने उनके आगे इताअत का सर झुकाया है।" और ख़िलाफ़त के लिए हुर्रियत ब इजमा ए जुमला अहले क़िब्ला शर्त है,

كما فى المواقف وشرحه وعامة الكتب۔

यहाँ से ख़लीफ़ा व सुल्तान के फ़र्क़ ज़ाहिर हो गए, नीज़ खुल गया कि सुल्तान ख़लीफ़ा से बहुत नीचा दर्जा है व लिहाज़ा कभी ख़लीफ़ा के नाम के साथ लफ्ज़ ए सुल्तान नहीं कहा जाता कि उसकी कसर ए शान है, आज तक किसी ने सुल्तान अबू बक्र सिद्दीक़, सुल्तान उमर फ़ारूक़, सुल्तान उस्मान ग़नी, सुल्तान अली मुर्तज़ा बल्कि सुल्तान उमर इब्न ए अब्दुल अज़ीज़ बल्कि सुल्तान हारून रशीद न सुना होगा, किसी ख़लीफ़ा उमवी या अब्बासी के नाम के साथ उसे न पाइएगा। तो खुल गया कि जिसके नाम के साथ सुल्तान लगाते हैं उसे ख़लीफ़ा नहीं मानते कि ख़लीफ़ा उससे बलंद व बाला है, यही वह ख़िलाफ़त ए मुसतलिहा ए शरईया है जिसकी बहस है, इसी के लिए क़ुरशियत वग़ैरहा सात शर्तें लाज़िमी हैं, उर्फ़ ए हादिस में अगर किसी सुल्तान को भी ख़लीफ़ा कहें या मदह में ज़िक्र कर जाएं वह न हुक्म ए शरअ का नाफ़ी है न इस्तिलाह ए शरह का मुनाफ़ी।

जिस तरह इजमा ए अहले सुन्नत है कि बशर में अम्बिया अलैहिमुस सलातो वस्सलाम के सिवा कोई मासूम नहीं जो दूसरे को मासूम माने अहले सुन्नत से ख़ारिज है फिर उर्फ़ ए हादिस में बच्चों को भी मासूम कहते हैं यह ख़ारिज अज़ बहस है जैसे लड़कों के मुअल्लिम तक को ख़लीफ़ा कहते हैं, यह मबहस वाजिबुल हिफ़्ज़ है कि धोका न हो व बिल्लाहित तौफ़ीक़।

फ़सल ए अव्वल

अहादीस ए मुतावातिरा ए सरकार रिसालत व इजमा ए सहाबा व ताबाईन व अइम्मा ए मिल्लत व मज़हब ए मुहज़्ज़ब ए अहले सुन्नत व जमाअत से शर्त ए क़ुरशियत के रौशन सुबूत

अहादीस ए शरीफ़ा को मैं जुदा लाऊं उनकी तख़रीज व शान ए तवातुर बताऊँ, उनसे इतमाम ए तक़रीब व वजह ए एहतिजाज दिखाऊँ उससे यही बेहतर कि कुतुब ए अक़ाइद व कुतुब ए हदीस व कुतुब ए फ़िक़्ह से अक़वाल ए जलीला ए अइम्मा ए किराम उलमा ए आलाम सुनाऊँ कि उनमें वह सब कुछ ब फ़ज़्लिहि तआला बर वजह ए काफ़ी व वाफ़ी है, हर वहम व वसवसा का नाफ़ी व शाफ़ी है वही तुम्हें बता देंगे कि हदीसें मुतावातिर हैं, उनकी हुज्जतें क़ाहिरा हैं, हर तबक़ा व क़र्न के इजमा मुताज़ाफ़िर हैं, मुख़ालिफ़ सुन्नी नहीं ख़ारजी मोतज़िली गुमराह ख़ासिर हैं, व बिल्लाहित तौफ़ीक़।

कुतुब ए अक़ाइद

इमाम हुमाम मुफ़्ती इल जिन वल इन्स आरिफ़ बिल्लाह नजमुल मिल्लत वद दीन उमर नसफ़ी उस्ताद इमाम बुरहानुल मिल्लत वद दीन साहिब ए हिदाया रहमहुमाल्लाहि तआला का मतन ए अक़ाइद मशहूर बिहि अक़ाइद ए नसफ़ी जो सिलसिला निज़ामिया व दीगर सलासिल ए तालीमीया में अक़ाइद ए अहले सुन्नत की दर्सी किताब है जिसे दर्स में इसलिए रखा है कि तलबा अक़ाइद ए अहले सुन्नत से आगाह हो जाएं, इस किताब ए जलील में है,

ويكون من قريش ولا يجوز من غيرهم۔

यानी ख़लीफ़ा क़ुरैश से हो, ग़ैर क़ुरैशी जाइज़ नहीं। शरह ए अल्लामा तफ़ताज़ानी में है,

لم يخالف فيه الا الخوارج وبعض المعتزلة۔

क़ुरैशियत की शर्त में किसी ने ख़िलाफ़ न किया मगर ख़ारजियों और बाज़ मोतज़िलियों ने।

उसी में है,

يشترط ان يكون الامام قريشيا لقوله عليه الصلوٰة و السلام الائمة من قريش و هذا و ان كان خبرا واحدا لكن لما رواه ابوبكر محتجابه على الانصار و لم ينكره احد فصار مجمعا عليه۔

यानी शर्त यह है कि ख़लीफ़ा क़ुरैशी हो ब दलील ए क़ौल ए नबी सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम, अलअइम्मतु मिन क़ुरैश और यह हदीस अगरचे ख़बर ए वाहिद है लेकिन जब हज़रत अबू बक्र सिद्दीक़ रदि अल्लाहु तआला अन्हु ने अंसार पर हुज्जत में इसे पेश किया और सहाबा किराम में किसी ने इस पर इंकार न किया तो इस पर इजमा हो गया। किताब क़वाइदुल अक़ाइद इमाम हुज्जतुल इस्लाम ग़ज़ाली में है,

شرط الامامة نسبة قريش لقوله صلى الله تعالىٰ عليه وسلم الائمة من قريش۔

ख़िलाफ़त की शर्त नसब ए क़ुरैश है कि रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया, ख़ुलफ़ा क़ुरैश से हैं। उसकी शरह इतहाफ़ में है,

ان كثيرا من المعتزلة نفى هذا الاشتراط و دليل اهل السنة قوله صلى الله تعالىٰ عليه وسلم الائمة من قريش قال العراقى اخرجه النسائى من حديث انس و الحاكم من حديث على و صححه اه قلت وكذا اخرجه البخارى فى التاريخ و ابو يعلى و الطيالسى و البزار عن انس و اخرجه احمد من حديث ابى هريرة و ابى بكر الصديق و الطبرانى من حديث على و عنده عن انس بلفظ ان الملك فى قريش و اخرج يعقوب بن سفيان و ابويعلى و الطبرانى من طريق سكين من عبد العزيز

حدثنا سیار بن سلامۃ ابو المنهال قال دخلت مع ابی علی ابی برزۃ الاسلمی فسمعته یقول سمعت رسول اللہ صلی اللہ تعالیٰ علیه وسلم یقول الامراء من قریش الخ (ملخصاً)

यानी बहुत मोतज़िलियों ने शर्त ए क़ुरशियत का इंकार किया और अहले सुन्नत की दलील रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम का इरशाद है कि ख़ुलफ़ा क़ुरैश से हों, इमाम ज़ैनुद्दीन इराक़ी ने फ़रमाया यह हदीस नसाई ने हज़रत अनस रदि अल्लाहु तआला अन्हु और हाकिम ने अमीरुल मोमिनीन मौला अली कर्रम अल्लाहु तआला वजहहु से रिवायत की और कहा यह हदीस सहीह है। मैं कहता हूँ यूँही इसे इमाम बुख़ारी ने किताबुत तारीख़ और अबू याला व अबू दाऊद तयालसी व बज़्ज़ार ने अनस और इमाम अहमद ने अबू हुरैरा व हज़रत सिद्दीक़ ए अकबर और तबरानी ने मौला अली से रिवायत किया रदि अल्लाहु तआला अन्हुम अजमईन, नीज़ तबरानी के यहाँ रिवायत ए अनस रदि अल्लाहु तआला अन्हु इन लफ़्ज़ों से है कि सल्तनत क़ुरैश में है और याक़ूब इब्न ए सुफ़यान व अबू याला व तबरानी ने सुकैन इब्न ए अब्दुल अज़ीज़ से रिवायत की कि हमसे सय्यार इब्न ए सलामा अबू मिनहाल ने हदीस बयान की कि मैं अपने वालिद के साथ अबू बरज़ा असलमी रदि अल्लाहु तआला अन्हु के पास गया, उन्हें यह हदीस रिवायत करते सुना कि मैंने रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम को फ़रमाते सुना कि ख़ुलफ़ा क़ुरैश से हैं इला आख़िरीही (मुलख़्ख़सन)

ثم ذکر تخاریج حدیث لا یزال هذا الامر فی قریش و شواهده و کله ماخوذ من الفتح۔

मुसायरा ए इमाम मुहक़्क़िक़ अलल इतलाक़ कमालुद्दीन इब्नुल हुमाम में

है,

شرط الامام نسب قریش خلافا لکثیر من المعتزلۃ۔

मुसामरा ए अल्लामा इब्न ए अबी शरीफ़ शाफ़ई तिलमीज़ ए इमाम इब्नुल हुमाम में है,

لنا قولہ صلی اللہ تعالیٰ علیہ وسلم الائمۃ من قریش قدمنا تخریجہ و قولہ صلی اللہ تعالیٰ علیہ وسلم الناس تبع لقریش اخرجہ الشیخان و فی البخاری من حدیث معٰویۃ رضی اللہ تعالیٰ عنہ ان ھذا الامر فی قریش۔

हम अहले सुन्नत की दलील रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम का इरशाद है कि ख़ुलफ़ा क़ुरैश से हैं, हमने इस हदीस की तख़रीज ऊपर बयान की, नीज़ हुज़ूर अक़दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम का इरशाद कि सब आदमी क़ुरैश के ताबेअ हैं, इसे बुख़ारी व मुस्लिम ने रिवायत किया, नीज़ बुख़ारी में अमीर मुआविया रदि अल्लाहु तआला अन्हु की हदीस से है कि रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया, बेशक ख़िलाफ़त क़ुरैश में है। और तख़रीज ए हदीस छ वरक़ ऊपर बयान की,

رواہ النسائی من حدیث انس و رواہ بمعناہ الطبرانی فی الدعاء و البزار و البیھقی و افردہ شیخنا الامام الحافظ ابو الفضل بن حجر بجزء جمع فیہ طرقہ نحو من اربعین صحابیا۔

यह हदीस नसाई ने अनस रदि अल्लाहु तआला अन्हु से रिवायत की और यही मज़मून तबरानी ने किताबुद दुआ और बज़्ज़ार व बैहक़ी ने रिवायत किया और हमारे शेख़ इमाम हाफ़िज़ अबुल फ़ज़्ल इब्न ए हजर असक़लानी ने ख़ास इस हदीस में एक मुस्तक़िल रिसाला लिखा जिसमें इसकी रिवायत क़रीब चालीस सहाबा किराम रदि अल्लाहु तआला अन्हुम से जमा कीं। अल्लामा

इमाम क़ासिम इब्न ए क़ुतलूबुग़ा हन्फ़ी तिलमीज़ ए इब्नुल हुमाम तालीक़ात ए मुसायरा में फ़रमाते हैं,

اما عندنا فالشروط انواع بعضها لازم لا تنعقد بدونه وھی الاسلام و الذکورۃ و الحریۃ و العقل و البلوغ واصل الشجاعۃ و ان یکون قرشیا۔

हमारे नज़दीक ख़िलाफ़त की शर्तें कई क़िस्म हैं, बाज़ तो शुरूत ए लाज़िम हैं कि उनके बग़ैर ख़िलाफ़त सहीह ही नहीं हो सकती, वह यह हैं इस्लाम और मर्द होना और आज़ादी व अक़्ल व बुलूग़ व अस्ल शुजाअत और क़ुरैशी होना।

फिर फ़रमाया,

اما نسب قریش فلقوله صلی اللہ تعالیٰ علیه وسلم الائمة من قریش رواہ البزار و ھذا و ان کان خبر واحد فقد اتفقت الصحابة علی قبوله الامام ابو العباس الصابونی وغیرہ۔

क़ुरैशी होना इसलिए शर्त है कि रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया, ख़लीफ़ा क़ुरैश से हों। इसे बज़्ज़ार ने रिवायत किया, और यह अगरचे ख़बर ए आहाद हो मगर सहाबा किराम ने इसके क़बूल पर इजमा फ़रमाया, यह इमाम अबुल अब्बास साबूनी वग़ैरह ने इफ़ादा फ़रमाया। तवालिउल अनवार ए अल्लामा बैज़ावी में है,

التاسعة کونه قرشیا خلافا للخوارج و جمع من المعتزلة قوله صلی اللہ تعالیٰ علیه وسلم الائمة من قریش و اللام فی الجمع حیث لا عھد للعموم۔

यानी ख़िलाफ़त की नवीं शर्त क़ुरैशी होना है, इसमें ख़ारजियों और एक गिरोह ए मोतज़िला को ख़िलाफ़ है कि वह ख़लीफ़ा का क़ुरैशी होना ज़रूरी नहीं जानते, हमारी दलील रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम का इरशाद है कि ख़ुलफ़ा क़ुरैश से हों जहाँ अहद न हो जमा पर लाम

ए इसतिग़राक़ होता है यानी तमाम ख़ुलफ़ा क़ुरैश ही से हों। मवाक़िफ़ में है,

يكون قرشيا و منعه الخوارج و بعض المعتزلة لنا قوله صلى الله تعالىٰ عليه وسلم الائمة من قريش ثم ان الصحابة عملوا بمضمون هذا الحديث و اجمعوا عليه فصار قاطعا۔

यानी ख़लीफ़ा क़ुरैशी हो ख़ारजी और बाज़ मोतज़िली इस शर्त के मुनकिर हैं, हमारी दलील नबी सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम का इरशाद है कि ख़लीफ़ा क़ुरैशी हो, फिर सहाबा किराम इस हदीस के मज़मून पर आमिल हुए और उनका इस पर इजमा हुआ तो वह दलील ए क़तई हो गई। शरह ए अल्लामा सय्यिद शरीफ़ में है,

صار دليلا قطعا يفيد اليقين باشتراط القرشية۔

यानी दलील ए क़तई हो गई जिससे क़ुरशियत का शर्त होना यक़ीनी हो गया। उसी में है,

اشترطه الاشاعرة۔

यानी अहले सुन्नत के नज़दीक ख़लीफ़ा का क़ुरैशी होना शर्त है। मक़ासिद में है,

يشترط فى الامام كونه قرشيا لقوله صلى الله تعالىٰ عليه وسلم الائمة من قريش

इमाम में शर्त है कि क़ुरैशी हो, रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया, ख़ुलफ़ा क़ुरैश से हों। शरह ए मक़ासिद में है,

اتفقت الامة على اشتراط كونه قرشيا خلافنا للخوارج لنا السنة و الاجماع اما السنة فقوله صلى الله تعالىٰ عليه وسلم الائمة من قريش و اما الاجماع فهو انه لما قال الانصار يوم السقيفة منا امير و منكم امير منعهم ابوبكر رضى الله

تعالیٰ عنه بعدم کونهم من قریش و لم ینکره علیه احد من الصحابة فکان اجماعا۔

यानी तमाम उम्मत का इजमा है कि ख़लीफ़ा का क़ुरैशी होना शर्त है, इसमें मुख़ालिफ़ ख़ारजी हैं और अक्सर मोतज़ली, हमारी दलील हदीस और इजमा ए उम्मत है, हदीस तो हुज़ूर ए अक़दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम का इरशाद है कि ख़ुलफ़ा क़ुरैश से हैं, और इजमा यूँ कि जब अंसार रदि अल्लाहु तआला अन्हुम ने रोज़ ए सक़ीफ़ा बनी साइदा मुहाजिरीन रदि अल्लाहु तआला अन्हुम से कहा, एक अमीर हम में से और एक तुम में से। उन्हें सिद्दीक़ ए अकबर रदि अल्लाहु तआला अन्हु ने दावा ए ख़िलाफ़त से यूँ बाज़ रखा कि तुम क़ुरैशी नहीं (और ख़लीफ़ा का क़ुरैशी होना लाज़िम है) इस पर किसी सहाबी ने इंकार न किया तो इजमा हो गया। शरह ए फ़िक़्ह ए अकबर में है,

یشترط ان یکون الامام قرشیا لقوله صلی الله تعالیٰ علیه وسلم الائمة من قریش و هو حدیث مشهور و لیس المراد به الامامة فی الصلوٰة اتفاقا فتعینت الامامة الکبری خلافا للخوارج و بعض المعتزلة۔

यानी शर्त यह है कि ख़लीफ़ा क़ुरैशी हो कि रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया, अइम्मा क़ुरैश से हैं। और यह हदीस मशहूर है और इसमें इमामत ए नमाज़ ब इजमा मुराद नहीं तो ज़रूर ख़िलाफ़त मुराद है, इसमें मुख़ालिफ़ ख़ारजी हैं या बाज़ मोतज़ली। तरीक़ा ए मुहम्मदिया में है,

المسلمون لا بد لهم من امام قرشی و لا یشترط ان یکون هاشمیا۔

यानी मुसलमानों के लिए ज़रूर है कि कोई क़ुरैशी ख़लीफ़ा हो और हाशमी होना शर्त नहीं। हदीक़ा ए नदिया में है,

يكون من قريش ولا يجوز من غيرهم۔

ख़लीफ़ा क़ुरैशी हो ग़ैर क़ुरैशी की ख़िलाफ़त दुरूस्त नहीं।

तम्हीद ए इमाम अबुश शकूर सालिमी जिसे सुल्तानुल औलिया महबूब ए इलाही निज़ामुल हक़ वद दीन ने दर्स में पढ़ा, उसमें है,

اجمعنا علی ان الامام من قریش ولا یکون من غیرہ۔

हम अहले सुन्नत का इजमा है कि ख़लीफ़ा क़ुरैश से हो, उनके ग़ैर से नहीं।

कुतुब ए हदीस

सहीह मुस्लिम व सहीह बुख़ारी में है, रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम फ़रमाते हैं,

لا یزال ھذا الامر فی قریش ما بقی من الناس اثنان۔

ख़िलाफ़त हमेशा क़ुरैश के लिए है जब तक दुनया में दो आदमी भी रहें। शरह ए सहीह मुस्लिम लिल इमाम नववी व शरह ए सहीह बुख़ारी लिल इमामिल क़स्तलानी व मिरक़ात ए अली क़ारी में है,

بین صلی اللہ تعالیٰ علیہ وسلم ان ھذا الحکم مستمر الیٰ اٰخر الدنیا ما بقی من الناس اثنان۔

रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने ज़ाहिर फ़रमा दिया कि यह हुक्म ख़त्म ए दुनया तक है जब तक दो आदमी भी रहें। इरशादुस सारी शरह ए सहीह बुख़ारी में इब्नुल मुनीर से और उमदतुल क़ारी ए इमाम बदरुद्दीन महमूद ऐनी हन्फ़ी में है,

قریش ھم اصحاب الخلافۃ وھی مستمرۃ لھم الی اٰخر الدنیا ما بقی من الناس اثنان۔

क़ुरैश ही ख़िलाफ़त वाले हैं, वह ख़त्म ए दुनया तक उन्हीं के लिए है जब तक दो आदमी भी बाक़ी रहें। इमाम क़ुरतुबी की मुफ़्हिम शरह ए सहीह मुस्लिम में फिर उमदतुल क़ारी व फ़तहुल बारी शुरूह ए सहीह बुख़ारी में है,

هذا الحديث خبر عن المشروعية ای لا تنعقد الامامة الکبری الا لقرشی مهما وجد منهم احدا۔

इस हदीस में हुक्म ए शरई का बयान है, यह फ़रमाया है कि जब तक दुनया में एक क़ुरशी भी बाक़ी रहे, औरों की ख़िलाफ़त सहीह नहीं। इमाम नववी शरह ए सहीह मुस्लिम फिर इमाम क़स्तलानी शरह ए बुख़ारी और अल्लामा तय्यबी व अल्लामा सय्यिद शरीफ़ व अली क़ारी शुरूह ए मिशकात में फ़रमाते हैं,

هذه الاحادیث و اشباهها دلیل ظاهر ان الخلافة مختصة لقریش لا یجوز عقدها لاحد من غیرهم و علی هذا انعقد الاجماع فی زمن الصحابة وکذلك بعدهم و من خالف فیه من اهل البدع او اعرض بخلاف من غیرهم فهو محجوج باجماع الصحابة و التابعین فمن بعدهم بالاحادیث الصحیحة۔

यह हदीस और उनके मिस्ल और अहादीस रौशन दलीलें हैं कि ख़िलाफ़त क़ुरैश के साथ ख़ास है, उनके सिवा किसी को ख़लीफ़ा बनाना जाइज़ नहीं, इसी पर ज़माना ए सहाबा में यूँही उनके बाद इजमा मुनअक़िद हुआ तो जिन बद मज़हबों ने इसमे ख़िलाफ़ किया या जिसने और किसी के ख़िलाफ़ का इशारा किया उसका क़ौल सहाबा व ताबाईन व उलमा ए मा बाद के इजमा और सहीह हदीसों से मरदूद है। अल्लामा इब्नुल मुनीर फिर हाफ़िज़ असक़लानी शरह ए सहीह बुख़ारी में लिखते हैं,

الصحابة اتفقوا علی افادة المفهوم للحصر خلافا لمن انکر ذلك و الی هذا ذهب جمهور اهل العلم ان شرط الامام ان یکون قرشیا و قالت الخوارج و طائفة من

المعتزلة يجوز ان يكون الامام غير قرشی و بالغ ضرار بن عمرو فقال تولية غير القرشی اولی و قال ابوبكر الطيب لم يعرج المسلمون علی هذا القول بعد ثبوت حديث الائمة من قريش و عمل المسلمون به قرنا بعد قرن و انعقد الاجماع علی اعتبار ذلك قبل ان يقع الاختلاف۔

यानी सहाबा ने इत्तिफ़ाक़ फ़रमाया कि हदीस

الائمة من قريش۔

ख़िलाफ़त का क़ुरैशी में हस्र फ़रमाती है बर ख़िलाफ़ उसके जो इसका मुनकिर हो और यही मज़हब ए जमहूर अहले इल्म का है कि ख़लीफ़ा के लिए क़ुरैशी होना शर्त और ख़ारजियों और एक गिरोह ए मोतज़िला ने कहा कि ग़ैर क़ुरैशी भी ख़लीफ़ा हो सकता है और ज़िरार इब्न ए अम्र तो यहाँ तक बढ़ गया कि कहा ग़ैर क़ुरैशी का ख़लीफ़ा करना बेहतर है। इमाम अबू बक्र इबनुत तय्यब ने फ़रमाया मुसलमानों ने इस क़ौल की तरफ़ इल्तिफ़ात न किया बाद इसके कि हदीस,

الائمة من قريش۔

साबित हो चुकी और हर क़र्न में मुसलमान इस पर आमिल रहे और इस इख़्तिलाफ़ उठने से पहले उसके मानने पर इजमा[2] मुन्अक़िद हो लिया। इमाम अहमद नासिरुद्दीन इसकन्दरानी फिर इमाम शहाबुद्दीन किनानी वजह ए दलालत ए हदीस,

لا يزال هذا الامر فی قريش۔

[2] तम्बीह ज़रूरी : यह कलाम ए जलील याद रखने का है कि बिऔनिहि तआला इससे अहले बातिल का मुंह काला होगा। हशमत अली उफ़िया अन्हु।

में फ़रमाते हैं,

المبتدا بالحقیقة ھٰھنا ھو الامر الواقع صفة لھذا و ھذا لا یوصف الا بالجنس فمقتضاہ حصر جنس الامر فی قریش کانه قال لا امر الا فی قریش و الحدیث و ان کان بلفظ الخبر فھو بمعنی الامر بقیة طرق الحدیث تؤید ذلك۔

यानी हासिल हदीस यह है कि

ھذا الامر فی قریش دائما۔

यह अम्र ए ख़िलाफ़त हमेशा क़ुरैशी के लिए है, हाज़ा मुब्तदा है

और अम्र उसकी सिफ़त और हाज़ा की सिफ़त में हमेशा जिंस ही आती है तो मतलब यह कि जिंस ए ख़िलाफ़त क़ुरैश ही के लिए है (इनके ग़ैर के लिए उसका कोई फ़र्द नहीं) गोया अलफ़ाज़ यूँ इरशाद हुए कि ख़िलाफ़त नहीं मगर क़ुरैश में, हदीस अगरचे सूरतन ख़बर है मानन अम्र है, हदीस की बाक़ी रिवायतें इस माना की मुअय्यिद हैं। इमाम इब्न ए हजर और उनसे पहले इमाम इब्न ए बताल शरह ए बुख़ारी लिलमुहल्लब से नाक़िल,

یجوز ان یکون ملك یغلب علی الناس بغیر ان یکون خلیفة و انما انکر معٰویة رضی اللہ تعالیٰ عنه خشیة ان یظن احد ان الخلافة تجوز فی غیر قریش فلما خطب بذلك دل علی ان ذلك الحکم عندھم کذلك اذ لم ینقل عن احد منھم انکر علیه۔

यानी जब हज़रत अब्दुल्लाह इब्न ए अम्र रदि अल्लाहु तआला अन्हु ने कहा कि अनक़रीब एक बादशाह क़बीला ए क़हतान से होगा, हज़रत अमीर मुआविया रदि अल्लाहु तआला अन्हु ने इस पर सख़्त इंकार किया और ख़ुतबा पढ़ा, उसमें फ़रमाया, मैंने रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम को फ़रमाते सुना कि ख़िलाफ़त क़ुरैश में है, यह इंकार इस बिना पर न था कि

कोई ग़ैर क़ुरशी बादशाह भी नहीं हो सकता, यह तो जाइज़ है कि कोई बादशाह लोगों पर तग़ल्लुब करे और ख़लीफ़ा न हो बल्कि इंकार की वजह यह थी कि कोई यह न समझ बैठे कि ग़ैर क़ुरशी ख़लीफ़ा हो सकता है लिहाज़ा हज़रत अमीर मुआविया ने ख़ुतबा पढ़ा कि कोई ग़ैर क़ुरशी ख़लीफ़ा नहीं हो सकता और इस पर किसी सहाबी व ताबई ने इंकार न किया तो मालूम हुआ कि उन सबका यही मज़हब है। मुहल्लब फिर इब्न ए बताल फिर ऐनी व असक़लानी व क़सतलानी सब शुरूह ए बुख़ारी में फ़रमाते हैं,

ان القحطانی اذا قام و لیس من بیت النبوة و لا من قریش الذین جعل اللّٰہ
فیھم الخلافة فھومن اکبر تغیر الزمان و تبدیل الاحکام۔

जब क़हतानी क़ाइम होगा और वह न ख़ानदान ए नुबूवत से है न क़ुरैश से जिनमें अल्लाह अज़्ज़ा व जल्ल ने ख़िलाफ़त रखी है तो यह एक बड़ा तग़य्युर ए ज़माना और अहकाम ए शरीअत की तब्दील होगा। इमाम अजल्ल क़ाज़ी अयाज़ फिर इमाम अबू ज़करिया नववी शरह ए सहीह मुस्लिम में फ़रमाते हैं,

اشتراط کونه قرشیا هو مذهب العلماء کافة و قد احتج به ابوبکر و عمر علی
الانصار یوم السقیفة فلم ینکره احد و قد عدها العلماء فی مسائل الاجماع و لم
ینقل عن احد من السلف فیها قول و لا فعل یخالف ما ذکرنا وکذلك من
بعدهم فی جمیع الاعصار و لا اعتداد بقول النظام و من وافقه من الخوارج و اهل
البدع انه یجوز کونه من غیر قریش لما هو علیه من مخالفة اجماع المسلمین۔

ख़लीफ़ा में क़ुरशी होने की शर्त जमीअ उलमा का मज़हब है और बेशक इसी से सिद्दीक़ ए अकबर, फ़ारूक़ ए आज़म ने रोज़ ए सक़ीफ़ा अंसार पर हुज्जत क़ाइम फ़रमाई और सहाबा में किसी ने इसका इंकार न किया और बेशक उलमा ने इसे मसाइल ए इजमा में गिना और सलफ़ सालेह में कोई क़ौल या

फ़ेल इसके ख़िलाफ़ मनक़ूल न हुआ यूँही तमाम ज़मानों में उलमा ए मा बाद से और वह जो निज़ाम मोतज़िली और ख़ारजियों और बद मज़हबों ने कहा कि ग़ैर क़ुरैशी भी ख़लीफ़ा हो सकता है कुछ गिनती शुमार में नहीं कि इजमा ए मुसलिमीन के ख़िलाफ़ है।

शेख़ अब्दुल हक़ मुहद्दिस देहलवी अशिअतुल लमआत में फ़रमाते हैं,

گفت آں حضرت صلی اللہ تعالیٰ علیہ وسلم ہمیشہ می باشد امر خلافت در قریش یعنی می باید کہ در ایشاں باشد و جائز نیست شرعا عقد خلافت مر غیر ایشاں را و بریں منعقد شد اجماع در زمن صحابہ و بایں حجت کردند مہاجران بر انصار۔

इमाम जलालुद्दीन की तारीख़ुल ख़ुलफ़ा[3] से गुज़रा,

لم اورد احدا من الخلفاء العبیدیین لان امامتہم غیر صحیح لانہم غیر قریش۔

मैंने इस किताब में ख़ुलफ़ा ए उबैदिया से किसी का ज़िक्र न किया इसलिए कि उनकी ख़िलाफ़त बातिल है कि वह क़ुरशी नहीं।

कुतुब ए फ़िक़्ह ए हन्फ़ी

फ़तावा सिराजिया किताबुल इसतिहसान बाब ए मसाइल ए एतिक़ादिया में है,

یشترط ان یکون الخلیفۃ قرشیا و لا یشترط ان یکون ھاشمیا۔

ख़लीफ़ा में शर्त है कि क़ुरशी हो और हाशमी होना शर्त नहीं। अशबाह वन

[3] اوردہ آخر کتب الحدیث تبعا ۱۲ منہ غفرلہ

नज़ाइर फ़न ए सालिस बयान फ़िर्क़ फिर अबुस सऊद अज़हरी अलल कंज़ में है,

يشترط فی الامام ان یکون قرشیا۔

ख़लीफ़ा में शर्त है कि क़ुरैशी हो। ग़म्ज़ुल उयून में है,

یشترط نسب قریش لقوله صلی الله تعالیٰ علیه وسلم الائمة من قریش۔

क़ुरशी होना शर्त है कि रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया, ख़ुलफ़ा क़ुरैश हों। दुर ए मुख़्तार में है,

یشترط کونه مسلما حرا ذکرا عاقلا بالغا قادرا قرشیا۔

ख़लीफ़ा होने के लिए शर्त है कि मुसलमान, आज़ाद, मर्द, आक़िल, बालिग़, क़ादिर, क़ुरशी हो। तहतावी अलद दुर में है,

اشترط کونه قرشیا لقوله صلی الله تعالیٰ علیه وسلم الائمة من قریش و قد سلمت الانصار الخلافة لقریش بهذا الحدیث۔

ख़लीफ़ा का क़ुरशी होना शर्त है कि रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया, ख़ुलफ़ा क़ुरैश हों। इस हदीस से अंसार ने क़ुरैश की ख़िलाफ़त तसलीम कर दी। रद्दुल मोहतार में इसी के मिस्ल लिखकर फ़रमाया,

و به یبطل قول الضراریة ان الامامة تصلح فی غیر قریش و الکعبیة ان القرشی اولی بها۔

यानी इस हदीस व इत्तिफ़ाक़ ए सहाबा किराम से ज़िरारिया का क़ौल बातिल हुआ जो कहते हैं कि ख़िलाफ़त ग़ैर क़ुरशी में लाइक़ है और काबिया जो कहते हैं ख़िलाफ़त के लिए क़ुरशी होना सिर्फ़ औला है यानी इन दोनों

गुमराह फ़िरक़ों ने अहले सुन्नत का ख़िलाफ़ किया, अव्वल ने ग़ैर क़ुरशी की ख़िलाफ़त को औला जाना, दुवम ने क़ुरशी की ख़िलाफ़त को सिर्फ़ औला समझा लाज़िम न जाना, अहले सुन्नत के नज़दीक ख़लीफ़ा का क़ुरशी होना लाज़िम है दूसरा ख़लीफ़ा शरई नहीं हो सकता। तम्हीद ए इमाम अबु शकूर सालिमी में इमामुल अइम्मा सिराजुल उम्मह इमाम ए आज़म रदि अल्लाहु तआला अन्हु के नस से इस की तसरीह है कि,

قال ابوحنيفة رحمة الله تعالیٰ علیہ یصح امامته اذا كان قرشيا برا كان او فاجرا

इमाम अबु हनीफ़ा रहमत उल्लाहि तआला अलैहि ने फ़रमाया, ख़िलाफ़त सहीह है बशर्ते कि क़ुरशी हो नेक हो ख़्वाह बद।

इज़ाला ए वहम में इबारात ए कुतुब ए अक़ाइद व हदीस

बिलजुमला मसअला क़तअन यक़ीनन अहले सुन्नत का इजमाई है व लिहाज़ा हदीस ए बुख़ारी,

اسمعوا و اطیعوا و ان استعمل علیکم عبد حبشی۔

सुनो और मानो अगरचे तुम पर कोई हब्शी ग़ुलाम आमिल किया जाए। इसकी शरह में उलमा क़ातिबतन इज़ाला ए वहम की तरफ़ मुतवज्जा हुए, शरह ए मक़ासिद में है,

ذلك فی غیر الامام من الحكام۔

यह हदीस ख़लीफ़ा के सिवा और हुक्काम मातहत के बारे में है। मुवाफ़िक़ में है,

ذلك الحديث فی من امره الامام علی سرية وغيرها۔

यह हदीस इसके बारे में है जिसे किसी लश्कर वग़ैरह पर सरदार करे। शरह

मुवाफ़िक़ में है,

يجب حمله على هذا دفعا للتعارض بينه و بين الاجماع او نقول هو مبالغة على سبيل الفرض و يدل عليه انه لا يجوزكون الامام عبدا اجماعا۔

हदीस को इस माना पर हमल करना वाजिब है कि इजमा के मुख़ालिफ़ न पड़े या यूँ कहिए कि वह बर वजह मुबालिग़ा बतौर ए फ़र्ज़ इरशाद हुआ है और इस पर दलील है कि इमाम का ग़ुलाम होना बिल इजमा बातिल है। इब्नुल जौज़ी ने तहक़ीक़ फिर इमाम बदर महमूद ऐनी ने उमदतुल क़ारी फिर हाफ़िज़ असक़लानी ने शरह ए बुख़ारी किताबुस सलात में फ़रमाया,

هذا فی الامراء و العمال لا الائمة و الخلفاء فان الخلافة فی قریش لا مدخل فیها لغیرهم۔

यह हदीस सरदारों और आमिलों के बारे में है न कि ख़ुलफ़ा में कि ख़िलाफ़त तो क़ुरैश में है दूसरों को इसमें दख़ल ही नहीं। यहीं फ़तहुल बारी में है,

امر بطاعة العبد الحبشی و الامامة العظمی انما تکون بالاستحقاق فی قریش فیکون غیرهم متغلبا۔

हब्शी ग़ुलाम की इताअत का हुक्म फ़रमाया और ख़िलाफ़त तो सिर्फ़ क़ुरैश का हक़ है तो ग़ैर क़ुरैशी मुतग़ल्लिब होगा यानी ज़बरदस्ती अमीर बन बैठने वाला। उमदतुल क़ारी व फ़तहुल बारी किताबुल अहकाम में इसी हदीस के नीचे है,

ای جعل عاملا بان امر امارة عامة علی البلد مثلا او ولی فیها ولایة خاصة کالامامة فی الصلوٰة او جبایة الخراج او مباشرة الحرب فقد کان فی زمن الخلفاء الراشدین من تجمع له الامور الثلثة و من یختص ببعضها۔

मुराद यह है कि वह आमिल किया जाए यूँ कि ख़लीफ़ा ग़ुलाम हब्शी को किसी शहर का आम वाली कर दे या किसी ख़ास मनसब की विलायत दे जैसे नमाज़ की इमामत या ख़िराज की तहसील या किसी लश्कर की सरदारी, ख़ुलफ़ा ए राशिदीन के ज़माने यह तीनों बातें बाज़ में जमा हो जाती थीं और किसी में बाज़। इमाम अबू सुलेमान ख़िताबी फिर इमाम ऐनी व इमाम असक़लानी व अली क़ारी ने फ़रमाया,

قد يضرب المثل بما لا يقع فى الوجود و هذا من ذاك و اطلق العبد الحبشى مبالغة فى الامر بالطاعة و ان كان لا يتصور شرعا ان يلى ذلك اه بلفظ المرقاة قال الخطابى قد يضرب المثل بما لا يكاد يصح فى الوجود۔

अशियतुल लमआत में है,

ذکر عبد برائے مبالغہ است بر وتیرہ قول آنحضرت صلی اللہ تعالیٰ علیہ وسلم ہر کہ بنا کند مسجدے اگرچہ مثل آشیانہ کنجشک و مر مسجد ہرگز مثل آشیانہ کنجشک نباشد لیکن مقصود مبالغہ است یا مراد نائب خلیفہ است۔

उमदतुल क़ारी व कवाकिबुद दरारी व मजमउल बिहार में है,

هذا فى الامراء و العمال دون الخلفاء لان الحبشى لا يتولى الخلافة لان الائمة من قريش۔

यह हदीस सरदारों और आमिलों में है, हब्शी ख़लीफ़ा न होगा कि ख़ुलफ़ा तो क़ुरैश से हैं। मुहल्लब फिर इब्न ए बताल फिर इब्न ए हजर ने फ़तह में कहा,

قوله صلى الله تعالىٰ عليه وسلم اسمعوا و اطيعوا لا يوجب ان يكون المستعمل للعبد الا امام قرشى لما تقدم ان الامامة لا تكون الا فى قريش۔

नबी सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम का इरशाद कि ग़ुलाम की इताअत करो इसी को वाजिब करता है कि ग़ुलाम को क़ुरैशी ख़लीफ़ा ने आमिल बनाया हो कि ख़िलाफ़त तो नहीं मगर क़ुरैश में। फ़तहुल बारी व इरशादुस सारी व मिरक़ात ए क़ारी में है,

و اللفظ لها (و ان استعمل عليكم عبد حبشى) اى و ان استعمله الامام الاعظم على القوم لا ان العبد الحبشى هو الامام الاعظم فان الائمة من قريش۔

अगरचे तुम पर ग़ुलाम हब्शी आमिल किया जाए यानी अगरचे ख़लीफ़ा किसी ग़ुलाम को आमिल बनाए न यह कि ख़ुद ग़ुलाम हब्शी ख़लीफ़ा हो कि ख़लीफ़ा तो क़ुरैश से हैं। मजमउल बिहारुल अनवार में है,

شرط الامام الحرية و القرشية و ليس فى الحديث انه يكون اماما بل يفوض اليه الامام امرا من الامور۔

ख़लीफ़ा के लिए शर्त है कि आज़ाद व क़ुरैशी हो और हदीस में यह नहीं कि ग़ुलाम ख़लीफ़ा हो बल्कि यह मुराद कि ख़लीफ़ा उसे कोई काम सुपुर्द कर दे। अक़ूल : बल्कि ख़ुद हदीस ए सहीह में इस माना की तसरीह ए सरीह मौजूद जिसका बयान फ़सल ए सुवम में आएगा इन शा अल्लाहुल ग़फ़ूरुल वदूद। बिलजुमला दरबारा ए ख़िलाफ़त हर तबक़े और हर मज़हब के उलमा ए अहले सुन्नत ऐसा ही फ़रमाते आए यहाँ तक कि अब दौर ए आख़िर में मौलवी अब्दुल बारी साहिब के जद ए आला हज़रत मलिकुल उलमा बहरुल उलूम अब्दुल अली लखनवी फिरंगी महली रहमहुल्लाहि तआला ने शरह ए फ़िक़्ह ए अकबर सय्यिदुना इमाम ए आज़म रदि अल्लाहु तआला अन्हु में ख़िलाफ़त ए सिद्दीक़ी पर इजमा ए क़तई के मुनअक़िद होने में फ़रमाया,

باقی ماند که سعد بن عباده از بیعت متخلف ماند می گویم که سعد بن

عبادہ امارات خود می خواست و ایں مخالف نص ست چہ حضرت صلی اللہ تعالیٰ علیہ وسلم فرمودہ اند الائمۃ من قریش ائمہ از قریش اند پس مخالفت او در اجماع قدح ندارد چہ مخالفت مررائھاے صحابہ نبود بلکہ مخالفت اجماع واو اعتبار ندارد۔

फिर ख़िलाफ़त ए फ़ारूक़ी पर इनइक़ाद ए इजमा में फ़रमाया,

ہمہ صحابہ برآں عمل کردندو بیعت حضرت امیر المومنین عمر کردندو دریں ہم کسے مخالفت نکرد سوائے سعد بن عبادہ لیکن مخالفت او مخالفت نص بود چہ امارت خود می خواست چنانچہ دانستی

अब सबसे आख़िर दौर में हज़रत मौलाना फ़ज़्ल ए रसूल[4] साहिब मरहूम अपनी किताब ए अक़ाइद अलमोतक़दुल मुनतक़द में फ़रमाते हैं,

يشترط نسب قريش خلافا لكثير من المعتزلة و لا يشترط كونه هاشميا خلافا للروافض۔

ख़लीफ़ा का क़ुरैशीउन नसब होना शर्त है बरख़िलाफ़ बहुत मोतज़िलियों के और हाशमी होना शर्त नहीं बरख़िलाफ़ राफ़ज़ियों के। हज़रत मौलाना अब्दुल क़ादिर[5] साहिब बदायूंनी मरहूम अपने रिसाला अक़ाइद अहसनुल कलाम में फ़रमाते हैं,

نعتقد انه يجب على المسلمين نصب امام من قريش۔

हम अहले सुन्नत का अक़ीदा है कि मुसलमानों पर क़ुरैशी ख़लीफ़ा क़ाइम करना फ़र्ज़ है।

नौए दिगर अज़ कुतुब ए अक़ाइद

[4] बदायूंनी लीडर अब्दुल माजिद साहिब के दादा के दादा। अज़ हशमत अली लखनवी उफ़िया अन्हु।

[5] मज़कूर मुतलड्डिर बदायूंनी (हदाहुल्लाहु तआला) के परदादा। अज़ हशमत अली क़ादरी रज़वी लखनवी ग़ुफ़िरालहु।

अल्लामा साद उद्दीन तफ़ताज़ानी शरह अक़ाइद में फ़रमाते हैं,

فان قیل فعلی ما ذکر من ان مدۃ الخلافۃ ثلثون سنۃ یکون الزمان بعد الخلفاء الراشدین خالیا عن الامام فتعصی الامۃ کلھم قلنا المراد بالخلافۃ الکاملۃ ولو سلم فلعل الخلافۃ تنقضی دون الامامۃ بناء علی ان الامامۃ اعم لکن ھذا الاصطلاح لم نجدہ من القوم واما بعد الخلفاء العباسیۃ فالامر مشکل (ملخصاً)۔

यानी अगर कहा जाए कि जब ख़िलाफ़त हुज़ूर ए अक़दस सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के बाद तीस (30) ही बरस रही तो ख़ुलफ़ा ए राशिदीन रदि अल्लाहु तआला अन्हुम के बाद ज़माना इमाम से ख़ाली रहा और मआज़ अल्लाह तमाम उम्मत गुनहगार ठहरी कि नसब ए इमाम उम्मत पर वाजिब था तो हम जवाब देंगे कि वह जो तीस (30) बरस पर ख़त्म हो गई ख़िलाफ़त ए राशिदा कामिला थी न कि मुतलक़ ख़िलाफ़त और अगर तस्लीम भी कर लें तो शायद ख़िलाफ़त ख़त्म हो गई इमामत बाद को रही और वाजिब नसब ए इमाम ही था तो उम्मत गुनहगार न हुई, यह इस पर मब्नी होगा कि इमामत ख़िलाफ़त से आम है मगर हमने क़ौम से यह इसतिलाह न पाई बहरहाल जबसे ख़ुलफ़ा ए अब्बासिया न रहे अम्र मुश्किल है कि उस वक़्त से न कोई इमाम है न कोई ख़लीफ़ा तो एतिराज़ न उठा इंतहा। (मुलख़्ख़सन)

अक़ूल : अव्वलन (1) : सहीह जवाब अव्वल है और इशकाल का जवाब ख़ुद अल्लामा के कलाम से आता है उस वक़्त नज़र इस पर न कही थी।

सानियन (2) : इमामत बेशक आम है जिसका बयान हम करेंगे इन शा अल्लाह। नीज़ अल्लामा मौसूफ़ शरह ए मक़ासिद में इसी एतिराज़ को ज़िक्र करके बहुत सहीह व वाज़ेह जवाब से दफ़्अ फ़रमाते हैं,

فان قيل لو وجب نصب الامام لزم اطباق الامة فى اكثر الاعصار على ترك الواجب لانتفاء الامام المتصف بما يجب من الصفات سيما بعد انقضاء الدولة العباسية قلنا انما يلزم الضلالة لو تركوه عن قدرة و اختيار لا عجز و اضطرار۔

अगर कहा जाए कि नसब ए इमाम वाजिब होता तो अकसर ज़मानों में तर्क ए वाजिब पर उम्मत का इत्तिफ़ाक़ लाज़िम आता है कि इमाम के लिए जो सिफ़ात लाज़िम हैं, ऐसा मुद्दत से नहीं ख़ुसूसन जबसे दौलत ए अब्बासिया न रही ख़िलाफ़त का नाम निशान तक न रहा और ऐसा तर्क ए वाजिब गुमराही है पर उम्मत का इत्तिफ़ाक़ मुहाल तो हम जवाब देंगे कि गुमराही तो जब होती कि उनके बाद उम्मत नसब ए इमाम पर क़ुदरत होती और क़स्दन तर्क करती इज्ज़ व मजबूरी की हालत में क्या इल्ज़ाम हो। यही मज़मून मौलवी अलीयुल ख़्याली में है हदीस ए इज्ज़ व इज़तिरार बयान करके कहा,

و بهذا الحديث يندفع الاشكال بعد الخلفاء الراشدين و العباسية ايضاً۔

यानी ख़ुलफ़ा ए अब्बासिया के बाद तमाम आलम से ख़िलाफ़त ज़रुर मफ़क़ूद है मगर उम्मत पर इल्ज़ाम नहीं आता कि उज्र मजबूरी मौजूद है। शरह ए अक़ाइद ए इमाम नसफ़ी फिर तालीक़ातुल मुसायरा लिलअल्लामतिल क़ासिमुल हन्फ़ी तिलमीज़िल इमाम इब्नुल हुमाम रहिमहुमुल्लाहि तआला में ज़रूरत ए ख़लीफ़ा बताई कि दीन व दुनया के इन कामों के इंतिज़ाम को उसका होना ज़रूर है। फिर फ़रमाया,

فان قيل فليكتف بذى شوكة له الرياسة العامة اماما كان او غير امام فان انتظام الامر يحصل بذلك كما فى عهد الاتراك قلنا نعم يحصل بعض النظام فى امر الدنيا و لكن يختل امر الدين و هو المقصود الاهم۔

यानी अगर कोई कहे कि इंतिज़ाम ही की ज़रूरत है तो एक आम रियासत

वाले पर क्यों न क़नाअत हो जाए वह ख़लीफ़ा हो न हो कि इंतिज़ाम उससे भी हासिल हो जाएगा जैसे सल्तनत ए तुर्की से कि ख़िलाफ़त नहीं और इंतिज़ाम कर रही है फिर ख़लीफ़ा की क्या ज़रूरत तो हम जवाब देंगे हाँ ऐसी सल्तनतों से दुनयावी कामों का कुछ इंतिज़ाम चल जाएगा मगर दीनी कामों में ख़लल आएगा वह बे ख़लीफ़ा न बनेंगे और दीन ही मक़सूद ए आज़म है लिहाज़ा तुर्की सल्तनत या बादशाहियां काफ़ी नहीं ख़लीफ़ा की ज़रूरत है। क्या इनसे भी साफ़ नस की हाजत है वल्लाहुल हुज्जतुल बालिग़ा।

तम्बीह : इसी नौअ से है वह हदीस कि सदर ए कलाम में इमाम ख़ातमुल हुफ़्फ़ाज़ से गुज़री कि रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि ख़िलाफ़त जब बनी अब्बास को पहुंचेगी ज़ुहूर ए महदी तक और को न मिलेगी। ज़ाहिर हुआ कि 1331 हिजरी से आज तक और आज से ज़ुहूर ए हज़रत इमाम महदी तक कोई ग़ैर अब्बासी ख़लीफ़ा न हुआ है न होगा जो दूसरे को ख़लीफ़ा माने हदीस की तकज़ीब करता है। यह हदीस अपने तुर्क़ ए अदीदा से हसन है, इसे तबरानी ने मोजम ए कबीर में उम्मुल मोमिनीन उम्म ए सलमा रदि अल्लाहु तआला अन्हा से रिवायत किया और दैलमी ने मुसनदुल फ़िरदौस में उन्हीं से ब सनद ए दीगर और दार क़ुतनी ने अफ़राद में हज़रत अब्दुल्लाह इब्न ए अब्बास रदि अल्लाहु तआला अन्हुमा से मरफ़ूअन और ख़तीब ने ब सनद ए ख़ुलफ़ा ए हज़रत हिब्रुल उम्मह से मौक़ूफ़न और हाकिम ने हज़रत अब्दुल्लाह इब्न ए मसऊद रदि अल्लाहु तआला अन्हु से, हदीस ए तबरानी के लफ़्ज़ यह है,

لکنها فی ولد عمی صنو ابی حتی یسلموها الی الدجال۔

हाँ ख़िलाफ़त मेरे चचा मेरे बाप की जगह अब्बास की औलाद में है यहाँ तक कि उसे सुपुर्द ए दज्जाल करेंगे। और हदीस ए इब्न ए मसऊद में है,

لا تذهب الایام و اللیالی حتی یملك رجل من اهل بیتی یواطی اسمه اسمی و اسم ابیه اسم ابی فیملؤها قسطا وعدلا کما ملئت جورا و ظلما۔

शब व रोज़ गुज़रने के बाद वह ख़िलाफ़त को मेरे अहले बैत से एक मर्द के सुपुर्द करेंगे जिसका नाम मेरा नाम होगा और उसके बाप का नाम मेरे बाप का नाम, वह ज़मीन को अदल व इंसाफ़ से भर देगा जिस तरह ज़ुल्म व सितम से भर गई थी यानी हज़रत इमाम महदी रदि अल्लाहु तआला अन्हु। इमाम ख़ातमुल हुफ़्फ़ाज़ ने इस हदीस से इसतिनाद और इस पर एतिमाद किया, कमा तक़द्दमा।

यह हैं तक़रीबन पचास (50) हदीसें और कुतुब ए अक़ाइद व तफ़सीर व हदीस व फ़िक़्ह की बानवे (92) इबारतें। सुन्नी ब इंसाफ़ को इसी क़दर काफ़ी व वाफ़ी हैं।

وللّٰه الحمد و الحمد للّٰه رب العٰلمین و صلی اللّٰه تعالیٰ علیٰ سیدنا و مولٰنا محمد و اٰله و صحبه و ابنه و حزبه اجمعین۔

फ़सल ए दुवम ख़ुतबा ए सदारत ए मौलवी फिरंगी महली में 15 सत्री कारगुज़ारी की नाज़बरदारी

(1) मुसलमानों तुमने देखा ख़िलाफ़त के लिए शर्त ए क़ुरशियत पर रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम की मुतावातिर हदीसें, सहाबा का इजमा, ताबाईन का इजमा, उम्मत का इजमा, जुमला अहले सुन्नत का अक़ीदा, अइम्मा व अकाबिर ए हनफ़िया की कुतुब ए अक़ाइद में तसरीहें, कुतुब ए हदीस में तसरीहें, कुतुब ए फ़िक़्ह में तसरीहें, ऐसे अज़ीमुश शान, जलीलुल बुरहान, इजमाई क़तई यक़ीनी मसअले को फ़िरंगी महली का ख़ुतबा ए सदारत में सिर्फ़ शाफ़िईया की तरफ़ निस्बत करना और हनफ़िया में फ़क़त

बाज़ के कलाम से वह भी तसरीह नहीं फ़हवा से समझे जाने का इद्दिआ करना किस दर्जा ख़िलाफ़ ए दयानत व इग़वा ए अवाम है।

(2) तम्हीद में तो इस पर ख़ुद हज़रत सय्यिदुना इमाम आज़म रदि अल्लाहु तआला अन्हु का नस ए सरीह मज़कूर। शायद इमाम ए आज़म का नस भी किसी मुक़ल्लिद हन्फ़ी का फ़हवा ए कलाम होगा।

(3) इस पर नुक़ूल क़ाहिरा इजमा को यूँ गिराना कि बाज़ बे इजमा नक़्ल किया। कैसी तलबीस है।

(4) यह कहना कि इब्तिदा इसकी काज़ी अयाज़ से मालूम होती है मगर सुबूत इजमा मुश्किल है। सिक़ात अइम्मा की तकज़ीब का इशआर है। इमाम अजल्ल सिक़ा अदल क़ाज़ी अयाज़ रहमत उल्लाहि अलैहि से पहले अइम्मा ने इस पर इजमा नक़्ल किया, बाद के उलमा ने नक़्ल किया, सबने मक़बूल व मुक़र्रर रखा, किसी ने उसमें ख़िलाफ़ ए अहले सुन्नत का पता न दिया। मआज़ अल्लाह यह सब झूटे हैं और फ़िरंगी महली सच्चे।

(5) जब नुक़ूल ए अइम्मा मरदूद व ना मोतबर ठहरीं तो आप ही हज़ारों इजमाओ का सुबूत मुश्किल बल्कि नामुमकिन हो जाएगा कि आख़िर क़ुरआन व हदीस ने फ़रमाया नहीं कि बाद असर ए नुबूवत फ़ुलां फ़ुलां मसअला पर इजमा होगा, हमने अहले इजमा को देखा तक नहीं, न वह सब मिलकर अपने इजमा की दस्तावेज़ें रजिस्ट्री करा गए, अब न रहीं मगर नुक़ूल ए अइम्मा, वह इन ताज़ा लीडरों को मक़बूल नहीं फिर सुबूत ए इजमा की सूरत ही क्या रही।

(6) जब वह नक़्ल ए इजमा में मुत्तहम तो नक़्ल ए अक़वाल ए ख़ास्सा में क्यों मोतमद होंगे, फ़िक़्ह भी गई, यह वहाबिया व ग़ैर मुक़ल्लिदीन की ताज़ीम व तकरीम व जलसों में उनकी सदारत व तक़दीम की शामत है कि वही ग़ैर मुक़ल्लिद का मसअला आ गया,

ع-قیاس فاسد و اجماع بے اثر آمد-

(7) इमाम अजल्ल क़ाज़ी अयाज़ ने इब्तिदाअन दावा ए इजमा न किया बल्कि यह फ़रमाया कि उलमा ए किराम ने इसे मसाइल ए इजमा में गिना तो उनसे इब्तिदाअन बताना तकज़ीब व गुस्ताख़ी की इंतिहा दिखाना है।

(8) सदर ए इस्लाम में डेढ़ सौ (150) बरस तक तसानीफ़ न हुईं फिर अगली सदियों की हज़ारों किताबें मफ़क़ूद हो गईं, अब सदहा मसाइल ए इजमाइया में सबसे पहले जिस इमाम के कलाम में नक़्ल ए इजमा नज़र आए उसी के सर रख दिया जाए कि इब्तिदा उनसे मालूम होती है, कितना आसान तरीक़ा रद ए इजमा का है।

(9) अइम्मा ए किराम इस पर सहाबा व ताबाईन व सलफ़ ए सालिहीन रदि अल्लाहु तआला अन्हुम अजमईन से अब तक तमाम अहले सुन्नत का इजमा बताते और इसी बिना पर कुतुब ए अक़ाइद में उसे क़तईया यक़ीनीया फ़रमाते हैं उसके मुक़ाबिल अगर किसी सहाबी से कोई असर मिले तो वह अगर वह इनइक़ाद ए इजमा से पहले की गुफ़्तगू है उससे नक़्ज़ ए इजमा जुनून ए ख़ालिस है यूँही अगर तारीख़ मालूम न हो और अगर बाद की है और सनद सहीह नहीं तो आप ही मरदूद और सहीह व क़ाबिल ए तावील है तो वाजिबुत तावील वरना शाज़ रिवायत के मुक़ाबिल क़तअन मुज़महिल न कि उल्टा उससे इजमा बातिल।

(10) क़ुरैश में हसर ए ख़िलाफ़त की अहादीस बेशक मुतावातिर हैं, बहुत मुतकल्लिमीन की नज़र अहादीस पर ज़्यादा वसीअ न थी कि फ़न दूसरा है, उन्होंने ख़बर ए आहाद समझा तो साथ ही क़बूल ए सहाबा क़तई यक़ीनी बता दिया मगर मुसामरा से गुज़रा कि हाफ़िज़ुल हदीस इमाम असक़लानी ने एक हदीस

الائمۃ من قریش۔

को चालीस के क़रीब सहाबा ए किराम से मरवी दिखा दिया और इसमें मुस्तक़िल रिसाला तसनीफ़ फ़रमाया जिसका नाम इमाम सख़ावी ने मक़ासिद ए हसना में

لذۃ العیش فی طرق حدیث الائمۃ من قریش۔

बताया, यह अदद सहाबा ए किराम में यक़ीनन तवातुर का है, यह एक हदीस का हाल था इसी मुद्दुआ पर और अहादीस अलावा।

(11) इससे क़तअ ए नज़र कीजिए तो इस क़दर तो आजकल की क़ासिर निगाहों से भी नज़र आ रहा है कि वह बिला शुबह मशहूर और ब अलफ़ाज़ ए अदीदा व तुरुक़ ए कसीरा बहुत सहाबा ए किराम से मासूर और बराबर सदर ए अव्वल से उम्मत ए मरहूमा में एहतिजाज व अमल के लिए मक़बूल व मंज़ूर फिर उसके ख़ास अलफ़ाज़ के आहाद से होने का ज़िक्र जिसका जवाब उलमा ए अक़ाइद मवाक़िफ़ व शरह ए मक़ासिद व शरह मवाक़िफ़ वग़ैरहा में दे चुके, क्या इंसाफ़ है।

(12) अइम्मा ने

الائمۃ من قریش۔

से इस्तिदलाल फ़रमाया और जमअ महल्ली बिल्लाम के इफ़ादा ए इस्तिग़राक़ से इतमाम ए तक़रीब फ़रमा दिया, उसे

الخلافۃ فی قریش۔

से बदलना और

القضاء فی الانصار۔

से नक़्ज़ करना क्या मुक़तज़ा ए दयानत है।

(13) हदीस ए सहीह

لا یزال ھذا الامر فی قریش ما بقی من الناس اثنان۔

से इस्तिदलाल ए अइम्मा का रद हुआ, क्या किसी हदीस में यह भी आया कि

لا یزال القضاء فی الانصار و ھذا الاذان فی الحبشۃ ما بقی من الناس اثنان۔

हमेशा ओहदा ए क़ज़ा अंसार में और ओहदा ए अज़ान हब्शीयों में रहे जब तक दुनया में दो आदमी भी रहें। जब अइम्मा फ़रमा चुके कि सहाबा ए किराम ने हदीस से हसर समझा और उसी पर अमल फ़रमाया तो सहाबा के मुक़ाबिल अपनी चेमीगोईयां निकालना क्या शान दीन है।

(15-16) मुहक़्क़िक़ीन ए अहले सुन्नत उमूमन और इमाम अबू बक्र बाक़िलानी की तरफ़ ख़ुसूसन इस निस्बत की जुराअत कि क़ुरशियत की शर्त से बिल्कुल उदूल करते हैं किस क़दर दरोग़ ए बे मज़ा है, अकाबिर अइम्मा व अआज़िम उलमा इजमा ए सहाबा, इजमा ए ताबाईन, इजमा ए उम्मत नक़्ल फ़रमा रहे हैं, नाक़िलान ए ख़िलाफ़, सिर्फ़ ख़ारजियों मोतज़लियों का ख़िलाफ़ बताते हैं, मुख़ालिफ़त में ज़िरार व काबी दो गुमराहों के क़ौल नक़्ल करते हैं मआज़ अल्लाह अगर तमाम मुहक़्क़िक़ीन ए अहले सुन्नत दरकिनार सिर्फ़ इमाम ए सुन्नत बाक़िलानी का ख़िलाफ़ होता तो ख़ारजियों मोतज़लियों को मुख़ालिफ़ बताया जाता, दो गुमराहों का नाम उनके नाम ए नामी से ज़्यादा प्यारा और क़ाबिल ए ज़िक्र अज़मत वाला था कि उन्हें छोड़कर उन दो का नाम गिनाया जाता। शरह ए अक़ाइद नसफ़ी के अलफ़ाज़ तो आब ए ज़र से लिखने के हैं कि

لم یخالف الا الخوارج و بعض المعتزلۃ۔

उसमें किसी ने ख़िलाफ़ किया सिवा ख़ारजियों बाज़ मोतज़लियों के तमाम नुक़ूल ए इजमा का यही मतलब है मगर उसमें मुहक़्क़िक़ीन ए अहले सुन्नत व इमाम बाक़िलानी की तरफ़ इस निस्बत ए बातिला की रौशनतर तफ़्ज़ीह है व लिल्लाहिल हम्द। अजिल्ला ए अकाबिर अइम्मा ए अहले सुन्नत, अइम्मा ए कलाम व अकाबिर ए हदीस व अआज़िम ए फ़िक़्ह सबके इरशादात पस ए पुश्त डालना और एक मुताख़िर मोअर्रिख़ इब्न ए ख़लदून के क़ौल बे सनद पर (जिसके मज़हब की भी कोई ठीक नहीं, न तारीख़ नवीसी के सिवा किसी इल्म ए दीनी में उसका नाम ज़बानों पर आता है) सर मुंडा बैठना क्या शर्त ए दीन परस्ती है अजिल्ला अइम्मा जहाबज़ह ए नाक़िदीन को न मालूम हुआ कि ख़ुद इमाम ए सुन्नत बाक़िलानी व मुहक़्क़िक़ीन अहले सुन्नत इस मसअला में मुख़ालिफ़ हैं, बराबर इजमा नक़्ल फ़रमाते रहे, मसअला पर जज़्म व यक़ीन फ़रमाया किए, अहले ख़िलाफ़ को ख़ारजी, मोतज़ली, बिदअती कहते रहे मगर आठवीं सदी के अख़ीर में इस मुअर्रिख़ को हक़ीक़त ए हाल मालूम हुई कि इसमें तो मुहक़्क़िक़ीन ए अहले सुन्नत व इमाम ए सुन्नत मुख़ालिफ़ हैं।

अजिल्ला ए अकाबिर अइम्मा ए अहले सुन्नत, अइम्मा ए कलाम व अकाबिर ए हदीस व अआज़िम ए फ़िक़्ह सबके इरशादात पस ए पुश्त डालना और एक मुताख़िर मोअर्रिख़ इब्न ए ख़लदून के क़ौल बे सनद पर (जिसके मज़हब की भी कोई ठीक नहीं, न तारीख़ नवीसी के सिवा किसी इल्म ए दीनी में उसका नाम ज़बानों पर आता है) सर मुंडा बैठना क्या शर्त ए दीन परस्ती है अजिल्ला अइम्मा जहाबज़ह ए नाक़िदीन को न मालूम हुआ कि ख़ुद इमाम ए सुन्नत बाक़िलानी व मुहक़्क़िक़ीन अहले सुन्नत इस मसअला में मुख़ालिफ़ हैं, बराबर इजमा नक़्ल फ़रमाते रहे, मसअला पर जज़्म व यक़ीन फ़रमाया किए, अहले ख़िलाफ़ को ख़ारजी, मोतज़ली, बिदअती कहते रहे मगर आठवीं सदी

के अख़ीर में इस मुअर्रिख़ को हक़ीक़त ए हाल मालूम हुई कि इसमें तो मुहक़्क़िक़ीन ए अहले सुन्नत व इमाम ए सुन्नत मुख़ालिफ़ हैं।

(17) तुर्फ़ा यह कि इब्न ए ख़लदून ने इतना कहा था,

اشتبہ ذلك علی کثیر من المحققین۔

बहुत से मुहक़्क़िक़ों को उसमें शुबह लगा। फिरंगी महली तहरीर ने "शुबह लगना उड़ा दिया" और "कसीर" का लफ़्ज़ घटा दिया, उसे यूँ बनाया कि मुहक़्क़िक़ीन उदूल करते हैं यानी उनका उदूल अज़ राह ए इशतिबाह नहीं बल्कि अज़ राह ए तहक़ीक़ है और वह जो इस शर्त पर क़ाइम रहे यानी तमाम अहले सुन्नत वह तहक़ीक़ से आरी हैं।

(18) इन दोनों से बढ़कर चालाकी यह कि फिरंगी महली तहरीर ने मुहक़्क़िक़ीन के साथ लफ़्ज़ "अहले सुन्नत" बढ़ा लिया, यह लफ़्ज़ इब्न ए ख़लदून की इबारत में नहीं, वह ख़ुदा जाने किन को मुहक़्क़िक़ीन कह रहा है, अइम्मा फ़रमा चुके कि इसमें मुख़ालिफ़ ख़ारजी हैं या मोतज़िली तो उन्हीं में से किसी फ़रीक़ को मुहक़्क़िक़ीन कहा और ज़ाहिरन मोतज़िला को कहा कि दरबारा ए ख़िलाफ़त जो मज़मून उसने नक़्ल किया वह ज़िरार इब्न ए अम्र मोतज़िली ही की मुख़ालिफ़त का मुअय्यिद, नहीं-नहीं बल्कि उससे भी कहीं ज़ाइद है,

فاشتکی الی اللہ تعالیٰ۔

(19) इब्न ए ख़लदून की हालत अजीब है उसके कलाम से कहीं एतिज़ाल[6] की बू आती है, कहीं नेचरियाना असबाब परस्ती की झलक पाई जाती है,

[6] दूर क्यों जाइए अपने अख़ ए मुअज़्ज़म मौलवी अब्दुल हई साहिब का फ़तवा जिल्द अव्वल, सफ़हा 72 और ख़ुद अपना जमा कर्दा फ़तवा क़ियाम, सफ़हा 306 मुलाहज़ा कीजिए। अल्लामा अब्दुर रहमान हज़रमी मोतज़िली मारूफ़ बिहि इब्न ए ख़लदून। अज़ उबैदुर रज़ा हशमत अली रज़वी ग़ुफ़िरालहु।

औलिया ए किराम का साफ़ दुश्मन है। उनको राफ़जियों का मुक़ल्लिद बताता है, कहता है उनके दिलों में राफ़जियों के अक़वाल रच गए और उनके मज़ाहिब को अपना दीन बनाने में तो ग़ुल किया यहाँ तक कि तरीक़त का सिलसिला अली तक पहुंचाया और उन्होंने हसन बसरी को ख़िरक़ा पहनाया और उनसे उनके पीर जुनैद तक पहुंचाया, इस तख़्सीस ए अली और उनकी और बातों से समझा जाता है कि यह राफ़जियों में दाख़िल हैं व लिहाज़ा राफ़जियों की तरह एक इमाम महदी के इंतिज़ार में हैं जिनके आने की कुछ सेहत नहीं, इसी तरह अक़ताब व अबदाल का यक लख़्त मुंकिर है, इसमें भी औलिया के मुक़ल्लिद ए राफ़ज़ी होने का मुशइर है कि जिस तरह राफ़जियों ने हर ज़माने में एक इमाम ए बातिन और उसके नीचे नुक़बा माने हैं यूँही उनसे सीखकर सूफ़िया ने हर दौर में एक क़ुतुब और उसके मातहत अबदाल गढ़े हैं।

हालांकि अहादीस ए मरफ़ूआ सय्यिद ए आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के अलावा जिनके बयान में इमाम जलालुद्दीन सुयूती का एक रिसाला है, हुज़ूर सय्यिदुना ग़ौस ए आज़म रदि अल्लाहु तआला अन्हु व दीगर अजिल्ला ए अक़ताब ए किराम क़ुद्दस्त असरारुहुम सबसे अक़ताब व अबदाल की हक़ीक़त मुतावातिर है यूँही कौन सा साहिब ए सिलसिला है जिसका सिलसिला अमीरुल मोमिनीन अली तक नहीं पहुंचता तो वह उन तमाम हज़रात अकाबिर ए किराम को मआज़ अल्लाह दीन में मुख़तरअ और राफ़ज़ियों का मुत्तबअ बल्कि सिल्क ए रवाफ़िज़ में मुनसलिक ठहराता है, फ़ुतूहात ए इस्लाम का राज़, अरबी सहाबा ए किराम रदि अल्लाहु तआला अन्हुम का वहशी होना बताया है और यह कि अमीरुल मोमिनीन फ़ारूक़ रदि अल्लाहु तआला अन्हु ने जिहाद पर भेजते वक़्त उन्हें वहशियत पर उभार दिया क्योंकि वहशी ही क़ौम का मुल्क वसीअ होता है, नीज़ कहता है सहाबा वहशी

होने के सबब लिखना ठीक न जानते थे, इसलिए क़ुरआन ए अज़ीम जा ब जा ग़लत लिखा है, और औलिया को जादूगरों के हुक्म में रखने के लिए कहा जो किसी को अपनी करामत से क़त्ल कर दे वह साहिब ए करामत क़त्ल किया जाएगा जैसे साहिर को अपने सहर से क़त्ल करे। अजिल्ला ए अकाबिर महबूबान ए ख़ुदा को नाम बनाम हत्ता कि शेख़ुल इस्लाम हरवी को लिखता है कि यह हुलूली थी और यह कुफ्र उन्होंने रवाफ़िज़ ए इस्माईलिया से सीखा,

الیٰ غیر ذلک من ھفواتہ الشنیعۃ۔

और फिर तसत्तर के लिए या ख़ुद अपने हाल से नावाक़िफ़ी के बाइस जा ब जा सुन्नियत व एतिक़ाद ए औलिया का इज़हार भी करता है जिसने मुहक़्क़िक़ीन या शेख़ुल इस्लाम इमाम हरवी की तरफ़ कुफ्र में तक़लीद ए रवाफ़िज़ निस्बत कर दी वह अगर मुहक़्क़िक़ीन व इमाम बाक़िलानी की तरफ़ बिदअत में तक़लीद ए ख़वारिज निस्बत कर दे क्या बईद है, हाँ अजब उन मुद्दईयान ए सुन्नत से कि तमाम अकाबिर अइम्मा व उलमा ए अहले सुन्नत के इरशादात ए आलिया पर पानी फेरने के लिए ऐसे मुअर्रिख़ का दामन थामें, क्या आयह ए करीमा,

بِئْسَ لِلظّٰلِمِیْنَ بَدَلًا۔

यहाँ वारिद न होगी,

ولا حول ولا قوۃ الا باللّٰہ العلی العظیم۔

ग़ालिबन इस निस्बत ए मुख़तरिआ से भी उसे सूफ़िया ए किराम पर चोट करनी मंज़ूर है वह भी शर्त ए क़ुरशियत को इजमाई मानते हैं ख़ुद इसी शख़्स ने इसी मुक़द्दमा तारीख़ फ़सल फ़ातमी में इन अकाबिर किराम से नक़ल किया,

قالوا لما کان امر الخلافۃ لقریش حکما شرعیا بالاجماع الذی لا یوھنہ انکار من

لم یزاول علمہ الخ۔

यानी सूफ़िया ए किराम ने फ़रमाया ख़िलाफ़त ख़ास क़ुरैश के लिए होना हुक्म ए शरई है, ऐसे इजमा से साबित जो नावाक़िफ़ नाशनास के इंकार से सुस्त नहीं हो सकता इला आख़िरीही। लिहाज़ा मुहक़्क़िक़ीन व इमाम सुन्नत का ख़िलाफ़ बताया कि उनकी तकज़ीब हो।

(20) नहीं नहीं बल्कि इसका राज़ और है, ख़ुद इसी मबहस से रौशन कि वह आप मुब्तदा और ख़वारिज का मुत्तबा और इजमा ए सहाबा ए किराम का ख़ारिक़ और ज़िरारिया व मोतज़िला का मुवाफ़िक़ है इसलिए अव्वलन शराइत ए ख़िलाफ़त में कहा,

اما النسب القرشی فلاجماع الصحابۃ علی ذلک۔

क़ुरशियत की शर्त इसलिए है कि सहाबा ए किराम ने इस पर इजमा फ़रमाया। फिर इस इजमा की मंशा व मुस्तनद हदीसें ज़िक्र कीं कि रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया,

الائمۃ من قریش۔

ख़ुलफ़ा क़ुरैशी हों।

और फ़रमाया,

لا یزال ھذا الامر فی ھذا الحی من قریش۔

ख़िलाफ़त हमेशा क़ुरैश में रहेगी। और कहा इस पर दलाइल ब कसरत हैं फिर आहिस्ता आहिस्ता रद ए अहादीस व इजमा की तरफ़ सरका कि

لما ضعف امر قریش و تلاشت عصبیتھم فاشتبہ ذلک علی کثیر من المحققین حتی ذھبوا الی نفی اشتراط القرشیۃ۔

जब क़ुरैश में ज़ोफ़ आया और उनकी हमीयत जाती रही तो बहुत

मुहक़्क़िक़ों को यहाँ शुबह लगा यहाँ तक कि नफ़ी शर्त ए क़ुरशिअत की तरफ़ गए। यहाँ दोनों पहलू देखिए, इशतिबाह कहा जिससे मफ़हूम हो कि उनको ग़लती पर जानता है और उन्हें मुहक़्क़िक़ीन कहा जिससे मुतरश्शिह हो कि उनके ज़ोम को तहक़ीक़ मानता है फिर उनके दो शुबहे ज़िक्र किए, एक उसी हदीस दरबारा ए ग़ुलाम हब्शी से जिसके जवाब कलाम ए अइम्मा से गुज़रे और इस पर ज़्यादा कलाम इंशा अल्लाह तआला आगे आता है उसने ख़ताई इख़्तियार किया कि यह मुबालग़तन बतौर ए फ़र्ज़ है, दूसरा शुबह इस रिवायत से कि अमीरुल मोमिनीन फ़ारूक़ से मरवी हुआ,

لو كان سالم مولى ابى حذيفة حيا لوليتة۔

अगर अबू हुज़ैफ़ा के ग़ुलाम आज़ाद शुदा सालिम ज़िंदा होते तो मैं ज़रूर उनको वाली बनाता। या फ़रमाया,

لما دخلتنى فيه الظنة۔

उन पर मुझे कोई बदगुमानी न होती। इसका खुला हुआ रौशन जवाब था कि अमीरुल मोमिनीन ने फ़रमाया है,

لوليته۔

मैं उन्हें वाली करता। न कि

استخلفته۔

मैं उन्हें ख़लीफ़ा न करता। वाली एक सूबा का भी होता है, एक शहर का भी होता है, जिसे ख़लीफ़ा मुक़र्रर फ़रमाए तो उसे यहाँ से क्या अलाक़ा।

इस रौशन जवाब को छोड़कर अव्वल तो यह जवाब दिया कि

مذهب الصحابى ليس بحجة۔

यानी यह अगर है तो उमर का क़ौल है और उमर का क़ौल कुछ हुज्जत

नहीं। शान ए फ़ारूक़ी में यह कलमा जैसा है अहले अदब पर ज़ाहिर है जिनकी निस्बत ख़ास हुक्म ए अहकम हुज़ूर पुरनूर सय्यिद ए आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम है,

اقتدوا بالذین من بعدی ابی بکر و عمر۔

उन दो की पैरवी करो जो जो मेरे बाद होंगे अबू बक्र व उमर रदि अल्लाहु तआला अन्हुमा। यहाँ तक तो यही था आगे दूसरे जवाब के तेवर देखिए, कहता है,

و ایضا مولی القوم منهم و عصبیۃ الولاء حاصلۃ لسالم فی قریش و ھی الفائدۃ فی اشتراط النسب و صراحۃ النسب غیر محتاج الیہ اذ الفائدۃ فی النسب انما ھی العصبیۃ و ھی حاصلۃ من الولاء۔

यानी दूसरा जवाब यह है कि किसी क़ौम का आज़ाद शुदा ग़ुलाम उन्हीं में से है और इस रिश्ता ए विला के बाइस क़ुरैशी सालिम की हिमायत करते और यही क़ौमी हमीयत शर्त ए नसब का फ़ायदा है साफ़ नसब की हाजत नहीं कि वह तो इसी हमीयत की ग़रज़ से है और हमीयत अपने आज़ाद किए हुए ग़ुलाम की भी करते हैं। लिल्लाह इंसाफ़! दिखाना तो यह है कि शर्त ए क़ुरशिअत नहीं मानते, उनके शुबह का जवाब दे रहा है और जवाब वह दिया जिसने शर्त ए क़ुरशिअत को उखाड़ फेंका, नसब की कोई हाजत नहीं, क़ौमी हमीयत से काम है जिस तरह भी हो फिर भी क़ुरशिअत का कुछ डोरा लगा रखा कि क़ुरैशी न हो तो उसका आज़ाद कर्दा ग़ुलाम तो हो अगरचे उसमें भी कलाम है, सालिम रदि अल्लाहु तआला अन्हु को अबू हुज़ैफ़ा रदि अल्लाहु तआला अन्हु ने आज़ाद न फ़रमाया न वह उनके ग़ुलाम थे बल्कि उनकी बीबी शैबा रदि अल्लाहु तआला अन्हा के ग़ुलाम थे, उन्हें आज़ाद किया और वह अंसारिया

हैं न कि क़ुरशिया। हाँ बराह ए मवालात व दोस्ती मौला अबी हुज़ैफ़ा कहलाते हैं, अबू हुज़ैफ़ा ने उनको मुतबन्ना किया था और अपनी भतीजी फ़ातिमा से उनकी शादी कर दी थी, रदि अल्लाहु तआला अन्हुम अजमईन। फ़तहुल बारी में है,

كان مولى لامرأة من الانصار فتبناه ابو حذيفة لما تزوجها فنسب اليه۔

यानी सालिम एक अंसारिया बीबी के ग़ुलाम आज़ाद शुदा थे जब अबू हुज़ैफ़ा ने उस बीबी से निकाह किया उनको मुतबन्ना बनाया, जबसे अबू हुज़ैफ़ा की तरफ़ मनसूब होने लगे, रदि अल्लाहु तआला अन्हुम अजमईन। लिहाज़ा इरशादुस सारी में मौला अबी हुज़ैफ़ा की यूँ शरह की,

(مولى) امرأة ابي حذيفة۔

अबू हुज़ैफ़ा के मौला यानी उनकी ज़ौजा के मौला। ग़रज़ यहाँ तक भी दोनों पल्ले बचाए मगर नफ़ी का पल्ला ग़ालिब कर दिया कि यह हक़ीक़त है और यहाँ क़ुरशिअत का लगाव रहना मजाज़, अब अंदेशा किया कि लोग ख़ारजी मोतज़ली समझेंगे कि सहाबा का इजमा छोड़कर उन गुमराहों की तक़लीद की। इसके इलाज को यह मुख़ालिफ़त इमाम ए सुन्नत के सर रख दी और कहा,

و من القائلين بنفى اشتراط القرشية القاضى ابو بكر الباقلانى لما ادرك عصبية قريش من التلاشى فاسقط شرط القرشية و ان كان موافقا لرأى الخوارج و بقى الجمهور على القول باشتراطها و لو كان عاجزا عن القيام بامور المسلمين ورد عليهم سقوط شرط الكفاية لانه اذا ذهبت الشوكة بذهاب العصبية فقد ذهبت الكفاية و اذا وقع الاخلال بشرط الكفاية و اذا وقع الاخلال بشرط الكفاية تطرق ذلك ايضا الى العلم و الدين و سقط اعتبار شروط هذا المنصب و هو خلاف الاجماع (ملخصاً)

यानी इमाम क़ाज़ी अबू बक्र बाक़िलानी ने क़ुरशियत शर्त न मानी कि क़ुरैश की हमीयत फ़ना हो गई व लिहाज़ा इसकी शर्त उन्होंने साक़ित कर दी अगरचे यह ख़ारजियों के मज़हब के मुवाफ़िक़ है और जमहूर अब भी शर्त ए क़ुरशियत मानते रहे अगरचे ख़लीफ़ा मुसलमानों का काम बनाने से आजिज़ हो और उन पर यह एतिराज़ है कि लियाक़त कार की शर्त जाती रही कि जब हमीयत जाने से शौकत गई काम क्या बना सकेगा और जब शर्त ए किफ़ायत छूटी यही राह शर्त ए इल्म व शर्त ए दीन की तरफ़ चलेगी और ख़िलाफ़त की शर्तें साक़ितुल एतिबार हो जाएंगी और यह ख़िलाफ़ ए इजमा है। (मुलख़स्सन) इस कलाम के पेच देखिए क्या क्या करवटें बदली हैं,

अव्वल इमाम ए सुन्नत पर वह तोहमत रखी कि क़ुरैश की बे हमीयती देखकर शर्त ए क़ुरशियत साक़ित कर बैठे, यह अपना बचाव और जानिब ए नफ़ी की ताईद थी कि एक मुझ ही को शर्त ए क़ुरशियत में कलाम नहीं, अहले सुन्नत के इतने बड़े इमाम उसे इस्तीफ़ा दे चुके हैं फिर साथ ही कह दिया कि इसमें वह ख़ारजियों के मज़हब पर चले, यह जानिब ए इस्बात की रियायत से कही फिर उसी पहलू का लिहाज़ बढ़ाया कि जमहूर उस पर रहे फिर पहलू ए नफ़ी की करवट ली कि उन पर बे एतिबारी शराइत का इल्ज़ाम क़ाइम होता है, यह झूटा इल्ज़ाम सराहतन ख़ुद उसी पर हक़ था कि क़ुरशियत शर्त थी और उसने साक़ित की तो यूँही इल्म व दीन व किफ़ायत भी साक़ित हो सकेगी और राह पर शर्त की तरफ़ चलेगी और जाहिल बेदीन आजिज़ चमार को ख़लीफ़ा कर देना जाइज़ हो जाएगा और यह ख़िलाफ़ ए इजमा है,

इसकी पेशबंदी की कि जमहूर ए अहले सुन्नत के सर पर इफ़्तिरा जड़ दिया कि वह सिर्फ़ क़ुरशियत चाहते हैं अगरचे काम से बिल्कुल आजिज़ हो हालांकि कुतुब ए अक़ाइद व फ़िक़्ह व हदीस शाहिद हैं कि क़ुरशियत व क़ुदरत दोनों

शर्त हैं और उनके साथ इस्लाम व हुर्रियत व ज़ुकूरत व बुलूग़ भी न यह कि सिर्फ़ क़ुरैशी होना बस है।

यह छुपलियाँ खेलकर अख़ीर में दिल की साफ़ खोल दी,

اذا بحثنا عن حکمۃ اشتراط القرشی و مقصد الشارع منہ لم یقتصر علی التبرک بوصلۃ النبی صلی اللہ تعالیٰ علیہ وسلم کما ھو مشھور و المصلحۃ لم نجدھا الا اعتبار العصبیۃ و ذلک ان قریشا کان لھم العزۃ بالکثرۃ و العصبیۃ و الشرف فاشترط نسبھم لیکون ابلغ فی انتظام الملۃ کما وقع فی ایام الفتوحات و استمر بعدھا فی الدولتین الی ان تلاشت عصبیۃ العرب فاذا ثبت ان اشتراط القرشیۃ انما ھو للعصبیۃ و الغلب والشارع لایخص الاحکام بجیل فطردنا العلۃ وھی العصبیۃ فاشترطنا فی القائم بامور المسلمین ان یکون من قوم اولی عصبیۃ قویۃ غالبۃ ثم ان الوجود شاھد بذلک فانہ لا یقوم بامر امۃ او جیل الا من غلب علیھم و قل ان یکون الامر الشرعی مخالفا للامر الوجودی (ملخصاً)۔

यानी हम जो नज़र करें शर्त ए क़ुरशियत की हिकमत और उससे शारेअ का मक़सूद क्या है तो वह अलाक़ा ए नबी सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम से तबर्रुक पर मौक़ूफ़ नहीं जैसा कि लोगों में मशहूर हो रहा है कि क़ुर्ब ए नबवी के सबब क़ुरैश को यह फ़ज़्ल मिला है, इसमें आन और क़ौमी हमीयत के एतिबार के सिवा कोई मसलिहत नहीं, यह इसलिए कि क़ुरैश अपनी कसरत और आन और शराफ़त के सबब ग़ालिब थे लिहाज़ा उनका नसब शर्त किया गया कि दीन का इंतिज़ाम ख़ूब हो जैसा कि ज़माना ए फ़ुतूहात में हुआ और इसके बाद बनी उमय्या व बनी अब्बास की दौलतों में रहा यहाँ तक कि अरब निरे बे हमीयत हो गए और जबकि साबित हो लिया कि क़ुरशियत की शर्त फ़क़त उनकी हमीयत व ग़लबा के सबब थी और शरीअत अहकाम को

किसी क़बीला के साथ ख़ास नहीं करती तो हमने इल्लत ए हमीयत को आम कर दिया कि ख़लीफ़ा में ज़रूर है कि किसी क़वी या ग़ालिब हमीयत वाली क़ौम में का हो फिर वाक़िआत भी इस पर गवाह हैं कि क़बीले या गिरोह का सरदार वही होता है जो उन पर ग़ालिब हो और कम होगा कि शरीअत नेचर के ख़िलाफ़ हुक्म दे (मुलख़्ख़सन)। ज़ाहिर कर दिया कि क़ुरशियत शर्त नहीं असबियत शर्त है, क़ुरशियत इसलिए शर्त थी कि उनमें क़ौमी हमीयत ए जाहिलियत थी जब क़ुरैश बल्कि तमाम अरब बे हमीयत हो गए तो अब उनकी ख़िलाफ़त कैसी बल्कि जिसकी लाठी उसकी भैंस, बिलजुमला न फ़क़त शर्त ए क़ुरशियत की नफ़ी की बल्कि नफ़ी ए क़ुरशियत बल्कि नफ़ी ए अरबियत शर्त कर दी कि अस्ल शर्त ए ख़िलाफ़त क़ौमी हमीयत ठहराई और साफ़ कह दिया कि न सिर्फ़ क़ुरैश बल्कि तमाम अरब बे हमीयत हो गए तो ख़िलाफ़त के लिए शर्त हुआ कि ख़लीफ़ा न क़ुरैशी हो न अरबी बल्कि यह शर्त है कि किसी ख़ूँख़वार क़ौम का हो, तो यह तो ज़िरार मोतज़ली से भी बहुत ऊंचा उड़ा उसने तो यही कहा था कि ग़ैर क़ुरैशी औला है इसने यह जमाई कि क़ुरैश बल्कि किसी अरब की ख़िलाफ़त जाइज़ ही नहीं और ख़ुद कह चुका है कि रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने सहीह हदीस में फ़रमाया कि हमेशा ख़िलाफ़त क़ुरैश ही के लिए होगी जब तक दुनया में दो आदमी भी रहें, यह है उसका हदीस पर ईमान और यह है उसका इजमा ए सहाबा पर ईक़ान।

और सिरे से यह अशद सा अशद ज़ुल्म क़ाबिल तमाशा कि वह असबियत जिससे रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने ब शिद्दत मना फ़रमाया जिसे न क़ुरैश बल्कि तमाम अरब के दिल से धोया उसी को अस्ल मक़सूद शारेह और ख़ास शर्त ए ख़िलाफ़त ठहराता है हालांकि रसूल उल्लाह सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम फ़रमाते हैं,

من قاتل تحت رأیة عمیة یغضب لعصبة او یدعوا الی عصبة او ینصر عصبیة فقتل فقتلة جاھلیة ۔ فی اخری فلیس من امتی ۔ رواہ مسلم عن ابی ھریرۃ رضی اللہ تعالیٰ عنہ ۔

जो किसी अंधे झंडे के नीचे लड़े कि असबियत (यानी क़ौमी हमीयत शेवा ए जाहिलियत) के लिए ग़ज़ब करे या असबियत की तरफ़ बुलाए या असबियत की मदद करे और मारा जाए तो ऐसा ही है जैसे कोई जाहिलियत व ज़माना ए कुफ़्र व ग़फ़लत में क़त्ल किया जाए और दूसरी रिवायत में है वह मेरी उम्मत से नहीं। नीज़ फ़रमाते हैं सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम,

لیس منا من دعا الیٰ عصبیة و لیس منا من قاتل عصبیة و لیس منا من مات علی عصبیة ۔ رواہ ابوداؤد عن جبیر بن مطعم رضی اللہ تعالیٰ عنہ ۔

हमारे गिरोह से नहीं जो असबियत (क़ौमी हमीयत) की तरफ़ बुलाए, हम में से नहीं जो असबियत पर लड़े, हमसे नहीं जो असबियत पर मरे। तो शारेअ सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम के मबग़ूज़ को शारेअ का मक़सूद बताना कि कैसा शारेअ अलैहिस सलातो वस्सलाम पर इफ़्तिरा ए बेबाक व इज्तिरा ए नापाक है वल इयाज़ु बिल्लाहि तआला। अजब एक मुद्दई ए सुन्नियत है कि सहाबा व अइम्मा व ख़ुद इरशाद ए हुज़ूर सय्यिद ए आलम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम सबको पीठ कर एक गुमराह मुख़ालिफ़ ए हदीस व ख़ारिक़ ए इजमा व मुहदिस फ़िद दीन का दामन थामे

ولا حول ولا قوۃ الا باللہ العلی العظیم ۔

(21) तहरीर ए फ़िरंगी महली ने इतना भी न देखा कि वह सराहतन इजमा ए सहाबा लिखकर फिर इमाम बाक़िलानी को इसका मुख़ालिफ़ और ख़ारजी मज़हब का मुवाफ़िक़ लिखता है, उसने कहा तो कहा, एक मुद्दई ए सुन्नियत को

तो इमाम ए सुन्नत पर ऐसे शुनीअ इल्ज़ाम रखते शर्म चाहिए थी।

(22) [7]इबारत नम्बर 36 आपने सुनी, मालूम है यह इमाम अबू बक्र अत तय्यब कौन हैं वही इमाम अजल्ल इमाम ए सुन्नत क़ाज़ी अबू बक्र बाक़िलानी हैं। शरहुश शिफ़ा लि अली क़ारी में है,

(وھومذھب القاض ابی بکر) ای ابن الطیب الباقلانی۔

नसीमुर रियाज़ में है,

(وھومذھب القاضی ابی بکر) الباقلانی۔

वफ़यातुल आयान में है,

القاضی ابوبکر محمد بن الطیب المعروف بالباقلانی المتکلم المشھور توفی) سنۃ ثلث و اربع مائۃ ببغداد۔

देखा कि इन इमाम ने क्या इरशाद फ़रमाया, फिर सुन लो और कान खोलकर सुने, इमाम इब्नुल मुनीर मालिकी फिर फ़तहुल बारी में इमाम इब्न ए हजर असक़लानी शाफ़ई का यही कलाम ए अल्लामा सय्यिद मुर्तज़ा ज़ैदी हन्फ़ी ने इतहाफ़ुस सादतुल मुत्तक़ीन जिल्द दुवम सफ़हा 232 में यूँ नक़्ल फ़रमाया,

قال الحافظ ابن حجر فی فتح الباری قال ابن المنیر قال القاضی ابوبکر الباقلانی لم یعرج المسلمون علی ھذا القول بعد ثبوت الحدیث الائمۃ من قریش و عمل المسلمون بہ قرنا بعد قرن و انعقد الاجماع علی اعتبار ذلک قبل ان یقع الاختلاف۔

[7] : यहाँ तक कलाम क़ातिए रग ए औहाम था अब आगे वह आता है जिसे देखकर कज़्ज़ाबों मुफ़तरियों की आँखें फट कर रह जाएं। अज़ उबैदुर रज़ा हशमत अली क़ादरी ग़ुफ़िरालहु।

यानी इमाम इब्न ए हजर ने शरह ए सहीह बुख़ारी में फ़रमाया कि इमाम इब्नुल मुनीर ने फ़रमाया कि इमाम क़ाज़ी अबू बक्र बाक़िलानी ने फ़रमाया कि मोतज़िली के उस क़ौल की तरफ़ मुसलमानों ने इल्तिफ़ात न किया बाद उसके कि हदीस का इरशाद साबित हो लिया कि ख़ुलफ़ा क़ुरैश ही से हों और इसी पर मुसलमानों का हर तबक़ा में अमल रहा और इन इख़्तिलाफ़ करने वालों के वुजूद से पहले इस पर इजमा हो लिया। अलहम्दु लिल्लाह यह इरशाद है इमाम अबू बक्र बाक़िलानी का जिसने उस मुअर्रिख़ का सफ़ेद झूट और स्याह इफ़्तिरा साबित किया और सहाबा व अइम्मा ए अहले सुन्नत को छोड़कर उसका दामन थामने वालों का मुँह काला किया व लिल्लाहिल हम्द।

(23) अलहम्दु लिल्लाह यहाँ से फ़िरंगी महली तहरीर की इमाम क़ाज़ी अयाज़ पर वह ताना ज़नी भी बातिल हो गई कि ज़िक्र ए इजमा की इब्तिदा उनसे हुई, इमाम क़ाज़ी अयाज़ छटी सदी में थे और इमाम अहले सुन्नत क़ाज़ी अबू बक्र बाक़िलानी चौथी सदी में, वह इजमा नक़्ल फ़रमा रहे हैं व लिल्लाहिल हम्द।।

(24) उसके बाद तहरीर ए फ़िरंगी महली में है, हनफ़िया की कुतुब में ऐसी फ़ुज़ूल नहीं जैसी शाफ़िईया की कुतुब में है कि

الائمة۔

से हर क़िस्म का इमाम मुराद है कि इमाम शाफ़ई के इमाम फ़िल मज़हब होने की ताकीद हो क्योंकि वह क़ुरैशी थे। यह शाफ़िईया ने कहीं न कहा कि हर क़िस्म का इमाम मुराद है, न कोई अद्ना तालिब ए इल्म कह सकता है कि नमाज़ की इमामत भी क़ुरशी से ख़ास उलमा से दूसरा इमाम नहीं हो सकता वह इससे इमाम शाफ़ई रदि अल्लाहु तआला अन्हु के लिए एक फ़ज़ीलत साबित करते हैं कि दूसरा आलिम ग़ैर क़ुरशी जब दीन व इल्म में इमाम शाफ़ई के बराबर हो

तो उस पर ब वजह ए क़ुरशियत उनको तरजीह है, देखो फ़तहुल बारी कि,

الاستدلال علی تقدیم الشافعی علی من ساواہ فی العلم و الدین من غیر قریش لان الشافعی قرشی۔

(25) बिल फ़र्ज़ ऐसा होता है तो उस फ़ुज़ूल बात का यहाँ ज़िक्र उससे बदतर फ़ुज़ूल, जिससे मतलब हो तो सिर्फ़ इतना कि जाहिल अवाम समझें कि अस्ल मसअला ख़िलाफ़त ए क़ुरैश ही बाज़ शाफ़िईया की फ़ुज़ूल है, कुतुब ए हनफ़िया उससे पाक है।

(26) फिर कहा फिर भी मुहक़्क़िक़ीन ए शाफ़िईया इसको शर्त ए इख़्तियारी कहने पर मजबूर हुए, यह फिर भी उसी क़िस्सा ए तलबीस की ताईद है कि नफ़्स ए ख़िलाफ़त ए क़ुरैश को शाफ़िईया की फ़ुज़ूल कहा कि इसी को इख़्तियारी कहा है फिर इसमें शाफ़िईया की तख़सीस एक तलबीस और इनमें भी मुहक़्क़िक़ीन की क़ैद दूसरा कैद, और लफ्ज़ ए इख़्तियारी से जुह्हाल को धोका देना कैद ए अज़ीम है, इख़्तियारी के माना समझे जाएंगे कि अपनी ख़ुशी पर है चाहे ख़लीफ़ा में क़ुरशियत का एतिबार करें या नहीं, यह शाफ़िईया ख़वाव उनके मुहक़्क़िक़ीन जिस पर कहो सरीह इफ़्तिरा ए काज़िब है और ख़ुद अक़्ल व फ़हम से बेगाना व मजानिब, शर्त वह जिसके फ़ौत से मशरूत फ़ौत हो और इख़्तियारी वह जिस पर कुछ तवक़्क़ुफ़ न हो, अस्ल बात जिसकी सूरत बिगाड़ कर यूँ धोका देना चाहा यह है कि मुल्क पर तसल्लुत दो (2) तरह होता है एक यह कि अहले हल व अक़्द किसी जामेअ शराइत को इमाम पसंद करके उसके हाथ पर बैअत करें जैसे सिद्दीक़ रदि अल्लाहु तआला अन्हु, तसल्लुत बिला मुनाज़अत हो जाना उसकी शर्त नहीं, न मुनाज़िअ से क़िताल व जिदाल इसके मुनाफ़ी, जैसे अब्दुल्लाह इब्न ए ज़ुबैर रदि अल्लाहु तआला अन्हुमा।

दुवम यह कि जिसकी इमामत इस तरह हो चुकी हो वह दूसरे के लिए

वसीयत करे जैसे फ़ारूक़ ए आज़म रदि अल्लाहु तआला अन्हु के लिए। ख़िलाफ़त ए शरईआ इन्हीं दो (2) वजह पर होती है और हर एक पसंद व इख़्तियार से है, पहली में इख़्तियार व इंतिखाब अहले हल व अक़्द है और दूसरे में इख़्तियार व इरतिज़ा ए ख़लीफ़ा ए साबिक़। इन दोनों में क़ुरशियत वग़ैरह शराइत यक़ीनन हैं, न अहले हल व अक़्द को जाइज़ कि किसी ग़ैर क़ुरशी को ख़लीफ़ा करें, न ख़लीफ़ा को हलाल कि ग़ैर क़ुरशी को वली अहद करे, तो ख़िलाफ़त शरईया इख़्तियारी है कि इख़्तियार व पसंद से नाशी होती है और उसमें क़ुरशियत वग़ैरहा शराइत ए ज़रूरिया लाज़िम व ज़रूरी हैं न कि इख़्तियारी अगर तर्क की जाएंगी ख़िलाफ़त ए शरईया न होगी बल्कि क़िस्म ए दुवम तग़ल्लुब के हुक्म में रहेगी. वह तसल्लुत की दूसरी सूरत है कोई शख़्स अपनी शौकत व सितवत से मुल्क दबा बैठे, बादशाह बन जाए अगरचे लोग उसके क़हर व ग़लबा के सबब उसके हाथ पर बैअत भी करें, यह सूरत ए बे इख़्तियारी व मजबूरी है इसमें मुसलमान शराइत का लिहाज़ क्या कर सकते हैं कि न उनके इख़्तियार से है न उसे माज़ूल करना उनके क़ाबू में,

यहाँ इक़ामत ए जुमुआह व आयाद व तज़वीज ए सिग़ार व विलायत ए माल व तौलियत ए क़ज़ा वग़ैर ज़ालिक उमूर मुफ़ुव्विज़ा ए ख़लीफ़ा हैं उसके हाथ के सब काम नाफ़िज़ होंगे, अम्र ए जाइज़ शरई में उसकी इताअत करनी होगी अगरचे क़ुरशी न हो बल्कि आज़ाद भी न हो हबशी ग़ुलाम हो कि इसारत ए फ़ितना जाइज़ नहीं, यह न सिर्फ़ शाफ़िईया बल्कि सब अहले मज़ाहिब मानते हैं और इसे इंतिफ़ा ए शर्त ए क़ुरशियत से अलाक़ा नहीं, जबरन वुजूब ए इताअत और, और उसका ख़लीफ़ा ए शरई हो जाना और, इताअत होगी और ख़िलाफ़त हरगिज़ न होगी बल्कि मुतग़ल्लिब होगा, उनके बाज़ अवाम पार्टी के ख़ुद साख़्ता इमाम ने यही धोका दिया है, इबारतें वह नक़्ल करता है जिनमें

मुतग़ल्लिब की इताअत का ज़िक्र है और उनमें अपनी तरफ़ से पच्चर लगा लेता है कि उसी को ख़लीफ़ा मानना चाहिए, यह महज़ बातिल है और इसी में बहस है न कि इताअत में, ख़ुद उन्हीं मुहक़्क़िक़ीन ए शाफ़िईया ने तसरीह की है कि वह मुतग़ल्लिब होगा न कि ख़लीफ़ा। फ़तहुल बारी से गुज़रा कि क़ुरैश के सिवा जो कोई होगा मुतग़ल्लिब होगा। उसी में है,

هذا كله انما هو فيما يكون بطريق الاختيار و اما لو تغلب عبد بطريق الشوكة فان طاعته تجب اخماد اللفتنة ما لم يأمر بمعصية۔

यानी यह सब इस हालत में है कि किसी को बतौर इख़्तियार इमामत दी जाए और कोई ग़ुलाम अपनी शौकत से ज़बरदस्ती मुल्क दबा बैठे तो फ़ितना बुझाने के लिए इताअत उसकी भी वाजिब होगी जब तक गुनाह का हुक्म न करे।

देखो इमामत को इख़्तियारी कहा कि इख़्तियार व पसंद से हो, न कि शर्त ए क़ुरशियत को इख़्तियारी कि चाहे रखो या न रखो ग़ैर क़ुरशी को मुतग़ल्लिब कहा। शरह ए मक़ासिद में है,

و بالجملة مبنى ما ذكر فى باب الامامة على الاختيار و الاقتدار و اما عند العجز و الاضطرار و استيلاء الظلمة و الاشرار فقد صارت الرياسة الدنيويه تغلبية و بنيت عليها الاحكام الدينية المنوطة بالامام ضرورة و لم يعبأ بعدم العلم و العدالة و سائر الشرائط و الضرورات تبيح المحظورات و الى الله المشتكى فى النائبات۔

यानी वह जो बाब ए इमामत में मज़कूर हुआ उसकी बिना इख़्तियार व क़ुदरत पर है और जब हालत मजबूरी व नाचारी हो ज़ालिम शरीर लोग तसल्लुत पाएं तो उस वक़्त यह दुनयवी रियासत तग़ल्लुब पर रह जाएगी और

वह दीनी अहकाम कि ख़लीफ़ा से मुतअल्लिक़ हैं ब मजबूरी उस मबनी रियासत पर बिना किए जाएंगे और इल्म व अदालत वग़ैरह शराइत न होने का लिहाज़ न होगा, मजबूरियाँ नाजाइज़ को रवा कर लेती हैं और इन मुसीबतों में अल्लाह ही से फ़रियाद है। आँख खोलकर देखो कि वह मुहक़्क़िक़ीन क्या फ़रमा रहे हैं और क्योंकर इसे तग़ल्लुब और दुनयवी रियासत बता रहे हैं मगर धोका देने वाले फ़रेब से बाज़ नहीं आते। तन्बीह : यहाँ काम जाहिलों से पड़ा है जिन्हें इल्म का इद्दिआ है। कोई जाहिल इस इबारत ए शामी से धोखा न दे,

يصير اماما بالمبايعة و باستخلاف امام قبله و بالتغلب و القهر۔

आगे मुसाइरा से है,

لو تعذر وجود العلم و العدالة فيمن تصدى للامامة و كان فى صرفه عنها اثارة فتنة لا تطاق حكمنا بانعقاد امامته كى لا تكون كمن يبنى قصرا و يهدم مصرا۔

कि देखो जो ज़बरदस्ती बादशाह बन जाए और उसके जुदा करने में नाक़ाबिल ए बर्दाश्त फ़ितना हो, उसे इमाम माना, उसकी इमामत को मुनअक़िद जाना, और यही ख़िलाफ़त ए शरईया है। हाशा यह महज़ धोका है साफ़ तसरीह की यह तग़ल्लुब है जो ख़िलाफ़त ए शरईया की सरीह ज़िद है नीज़ बिला फ़सल इस इबारत के बाद है,

و اذا تغلب آخر على المتغلب و قعد مكانه العزل الاول و صار الثانى اماما۔

इस मुतग़ल्लिब पर दूसरा तग़ल्लुब करके उसकी जगह बैठ जाए तो पहला माज़ूल और अब यह दूसरा मुतग़ल्लिब इमाम बन जाएगा। यहीं इसके एक सत्र बाद है,

لكن الثالث فى الامام المتغلب۔

नीज़ बिआंकि ख़ुद सल्तनत ए तुर्क में थे साफ़ लिख दिया कि,

قد يكون بالتغلب و هو الواقع فى سلاطين الزمان نصرهم الرحمٰن-

देखो बिआंकि सलातीन ए तुर्क के हाथ पर बैअत की जाती थी, अदम ए बाज़ शराइत मिस्ल क़ुरशियत वग़ैरहा के बाइस तसरीह फ़रमा दी कि बा वस्फ़ बैअत हैं मुतग़ल्लिबा, रहमान अज़्ज़ा व जल्ल उन्हें नुसरत दे। मैं कहता हूँ आमीन अल्लाहुम्मा आमीन। बल्कि यहाँ लफ़्ज़ इमामत का इतलाक़ उर्फ़ ए फ़ुक़हा में वसीअ तर है (देखो बदाए इमाम मलिकुल उलमा अबू बक्र मसऊद काशानी क़ुद्दिसा सिर्रुहु बयान मवादअत व सुलह) ला जरम यहाँ इमामत महज़ ब माना ए सल्तनत है ख़वाह सहीहा जाइज़ा आदिला हो या ज़ालिमा ग़ासिबा बातिला न कि ब माना ए ख़िलाफ़त ए शरईया अगरचे अपने महल में वह भी मुराद होती है जैसे हदीस,

الائمة من قريش-

में इसकी नज़ीर लफ़्ज़ ए अमीर है कि हरगिज़ ख़लीफ़ा के साथ ख़ास नहीं, वाली ए शहर व सरदार ए हुज्जाज को भी कहते हैं मगर

الائمة من قريش-

में क़तअन ख़ुलफ़ा ही मुराद। तन्बीह : इमामत ए मुतग़ल्लिब सेहत ए ख़िलाफ़त बाला ए ताक़, हुक्म ए इत्तिबा भी नहीं लाती जहाँ तक इसारत ए फ़ितना या ज़रर ए तअज़्ज़ा न हो जिसका बयान मुक़द्दमा में गुज़रा, हैफ़ उन पर जो मुसलमान कहला कर अम्र ए दीनी में मुशरिक के पस रू बनते और उसे अपना रहनुमा बनाते हैं।

وَقَدْ اُمِرُوْٓا اَنْ يَّكْفُرُوْا بِهٖ وَيُرِيْدُ الشَّيْطٰنُ اَنْ يُّضِلَّهُمْ ضَلٰلًا بَعِيْدًا

क्या ख़ौफ़ नहीं करते कि रोज़ ए क़यामत उन्हीं के गिरोह में महशूर हों जिनको क़ुरआन ए अज़ीम ने फ़रमाया,

فَقَاتِلُوْا اَئِمَّةَ الْكُفْرِ۔

(कुफ़्र के इमामों से लड़ो) और फ़रमाया,

وَجَعَلْنٰهُمْ اَئِمَّةً يَّدْعُوْنَ اِلَى النَّارِ۔

(हमने उन्हें ऐसे इमाम किया कि दोज़ख़ की तरफ़ बुलाते हैं)

وقال الله تعالیٰ يَوْمَ نَدْعُوْا كُلَّ اُنَاسٍ بِاِمَامِهِمْ۔

(अल्लाह तआला ने फ़रमाया, जिस दिन हम हर गिरोह को उसके इमाम के साथ बुलाएंगे) यानी जिसको उन्होंने अम्र ए दीन में रहनुमा बनाया और उसके पस रू हुए अगरचे मुशरिक हो कि आगे तफ़सील में दोनों ही क़िस्मों का बयान फ़रमाया है,

فَمَنْ اُوْتِيَ كِتٰبَهٗ بِيَمِيْنِهٖ۔

(जिनका नामा ए आमाल दहने हाथ में दिया गया) और

وَمَنْ كَانَ فِيْ هٰذِهٖٓ اَعْمٰى۔

(यहाँ राह ए हक़ से अंधे थे)

نسأل الله العفو والعافية۔

(27) फिर तहरीर ए फ़िरंगी महली है, "और हनफ़िया की कुतुब से तो इस्तिहबाबी होना अरबाब ए अक़्ल पर पोशीदा नहीं।" यह हनफ़िया और उनकी किताब पर सख्त इफ़्तिरा ए फ़ज़ी है, इस क़दर इबारात कि पहले गुज़रीं उन्हीं में अक़ाइद - इमाम मुफ़्तीइल जिन वल इन्स नजमुल मिल्लत वद दीन उमर नसफ़ी, इतहाफ़ - अल्लामा सय्यिद मुर्तज़ा ज़ैदी, मुसायरा - मुहक़्क़िक़ अलल इतलाक़ कमालुल मिल्लत वद दीन, तआलीक़ - अल्लामा क़ासिम इब्न ए क़ुतलूबुग़ा, शरह ए मुवाक़िफ़ - अल्लामा सय्यिद शरीफ़, मिनहुर रौज़ - अली

क़ारी, तरीक़ा ए मुहम्मदिया - इमाम बिरकवी, हदीक़ा ए नदीया सय्यिदी आरिफ़ बिल्लाह अब्दुल ग़नी नाबलुसी, मिरक़ात शरह ए मिशकात - क़ारी, उमदतुल क़ारी - इमाम ऐनी, शरह ए मिशकात - सय्यिद जुरजानी, अशिअतुल लमआत - शेख़ ए मुहक़्क़िक़ अब्दुल हक़ मुहद्दिस देहलवी, फ़तावा सिराजिया - अल्लामा सिराजुद्दीन, अशबाह वन नज़ाइर - मुहक़्क़िक़ ज़ैद इब्न ए नुजैम, फ़तहुल्लाहुल मुईन - सय्यिद अज़हरी, ग़म्ज़ुल उयून सय्यिद हम्वी, दुर ए मुख़तार - मुदक़्क़िक़ अलाई हसकफ़ी, हाशिया अल्लामा सय्यिद अहमद तहतावी, रद्दुल मोहतार - अल्लामा सय्यिद इब्न ए आबिदीन शामी, तम्हीद - इमाम अबुश शकूर सालिमी, मजमउल बिहार अल्लामा ज़ाहिर फ़तनी, शरह ए फ़िक़्ह ए अकबर - बहरुल उलूम वग़ैरहुम हनफ़िया किराम की तीस इबारतों से ज़ाइद मज़कूर हुईं और ख़ुद हज़रत सय्यिदुना इमाम ए आज़म रदि अल्लाहु तआला अन्हु का ख़ास नस ए शरीफ़ गुज़रा, क्या अब भी तहरीर ए फ़िरंगी के किज़्ब व इग़वा ए अवाम पर कुछ पर्दा रहा।

(28) फिर कहा लफ़्ज़ यम्बग़ी अक़ाइद ए नसफ़ी की दोनों इहतिमाल रखती है, अक़ाइद शरीफ़ा की इबारत यह है

ان يكون الامام ظاهر الا مختفيا و لا منتظرا و يكون من قريش و لا يجوز من غيرهم۔

क़तए नज़र इससे कि अगर लफ़्ज़ यम्बग़ी असलन मोहतमिल ए वुजूब न होता माना ए इस्तिहबाब में मुफ़स्सर होता जब भी यहाँ हर्ज न था, साइर अइम्मा की तसरीहात ए क़ाहिरा अहले सुन्नत का अक़ीदा ए इजमाइया ज़ाहिरा क़रीना ए क़ातिआह होता कि यकूनो, यकूनो पर मातूफ़ नहीं बल्कि यम्बग़ी पर, यहाँ तो नफ़्स ए इबारत में इमाम साफ़ फ़रमा रहे हैं

لا يجوز من غيرهم۔

ग़ैर क़ुरैश से ख़लीफ़ा होना जाइज़ ही नहीं। फिर दोनों इहतिमाल बताना किस दर्जा आफ़ताब को झुटलाना है, अफ़सोस कि इतने फ़ासला से लफ्ज़ यम्बग़ी दिखाई दिया और बिला फ़सल मिला हुआ

لا یجوز من غیرہم۔

नज़र न आया।

(29) ऐसा ही ज़ुल्म एक और तहरीर ए फ़िरंगी महली ने इबारत ए शरह ए मुवाक़िफ़ पर ढाया कि उसमें लिख दिया है,

للامۃ ان ینصبوا فاقدھا۔

उम्मत को इख़्तियार है कि जिसमें यह शर्तें न हों उसे ख़लीफ़ा कर दे,

انا للہ وانا الیہ رٰجعون۔

उन्होंने इब्तिदाअन तीन मुख़तलफ़ फ़ीह शर्तें बयान कीं, उसूल व फ़रूअ में मुजतहिद होना, उमूर ए जंग में ज़ी राए होना, शुजाअ होना, उनकी निस्बत फ़रमाया कि जिनमें यह शर्तें न हों उम्मत उन्हें भी ख़लीफ़ा कर सकती है, इसके बाद क़ुरशियत लिखी और उसे फ़रमाया यह शर्त यक़ीनी क़तई है और यह अहले सुन्नत का मज़हब है इसमें मुख़ालिफ़ ख़ारजी मोतज़िली हैं, इन इख़्तिलाफ़ी शराइत पर जो ऊपर कहा था उसे यहाँ लगा लेना किस दर्जा सरीह तहरीफ़ ए कलाम व इग़वा ए अवाम है, इसकी नज़ीर यही है कि आलिम फ़रमाए नमाज़ की शर्तें नजासत ए हक़ीक़ीया से जिस्म व सौब व मकान की तहारत है, यह शर्तें बाज़ औक़ात साक़ित भी हो जाती हैं और उसकी शर्त क़तई यक़ीनी नजासत ए हुक्मिया से तहारत है कि वुज़ु व ग़ुस्ल व तयम्मुम से हासिल होती है, इस पर कोई फ़िरंगी महली साहिब फ़तवा दें कि बाज़ औक़ात बे वुज़ु और बहाल ए जनाबत भी नमाज़ सहीह हो जाती है कि आलिम ने फ़रमाया है

यह शर्तें बाज़ वक़्त साक़ित भी हो जाती है, आलिम ने किन शर्तों को फ़रमाया था और उन्होंने किस में लगा लिया,

ولا حول ولا قوۃ الا باللہ العلی العظیم۔

मुसलमानो! देखा दीन व सुन्नत व मज़हब व मिल्लत पर क्या क्या ज़ुल्म जोते जाते हैं और फिर पैरवान ए शरीअत को आँखें दिखाते हैं मगर है यह कि मजबूर हैं बातिल की ताईद बातिल ही से होती है वरना,

وَمَا يُبْدِئُ الْبَاطِلُ وَمَا يُعِيدُ۔

मुहक़्क़िक़ीन अहले सुन्नत पर इफ़्तिरा, इमाम अहले सुन्नत अलैहिर रहमा पर इफ़्तिरा, शाफ़िईया पर इफ़्तिरा, हनफ़िया पर इफ़्तिरा, वाज़िहात से इनाद, तहरीफ़ से इस्तिमदाद, अइम्मा की तकज़ीब, अहले सुन्नत की तख़रीब, इजमा ए सहाबा से बरकिनार, इजमा ए उम्मत से बर सर ए पैकार, और फिर यह सब किस लिए महज़ बिला वजह महज़ बेकार जिसका बयान ऊपर गुज़रा और अभी ख़ुद मुख़ालिफ़ के इक़रार से सुनिएगा,

ولا حول ولا قوۃ الا باللہ العلی العظیم۔

(30) यह सब कुछ कहकर ख़ातिमा इस पर किया कि "बावुजूद बहस तलब होने के मैंने कभी इशतिरात ए क़ुरशियत से इंकार नहीं किया।" सुबहान अल्लाह दरोग़ गोई बर रु ए मन, इस पर इजमा साबित नहीं, हदीस से दलील नहीं, मुहक़्क़िक़ीन ए अहले सुन्नत को नामक़बूल, इमाम ए सुन्नत को यकसर उससे उदूल, मुहक़्क़िक़ीन ए शाफ़िईया के नज़दीक इख़्तियारी, कुतुब ए हनफ़िया से महज़ इसतिहबाबी। और क्या इंकार ए शर्तियत के सर पर सींग होते हैं।

(31) अलहम्दु लिल्लाह कि आपको शर्त ए क़ुरशियत से इंकार नहीं तो

